आर.एन.आई.नं. RAJHIN/2004/14675

जोधपुर, जयपुर एवं अजमेर से प्रकाशित राज्य स्तरीय दैनिक

# हुकमनामा समाचार

वर्ष 22 : अंक 141 : मूल्य 2 रु. : पृष्ठ संख्या 8

www.hukmnamasamachar.com

जोधपुर, गुरूवार, 12 फरवरी, 2026

www.Lokvarta.net

बजट 2026-27

2 घंटे 54 मिनट के भाषण में दीया ने किसानों के साथ हेल्थ सेक्टर, पेयजल, ट्रांसपोर्ट सेक्टर में कई घोषणाएं कीं



दिया कुमारी ने पेश किया बजट

ऊर्जा, पानी, महिला, युवा पर रहा फोकस

# राहत और तोहफे का खुला पिटारा

**इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में सरकार नई सड़कें और ब्रिज बनाएगी, 4 जिलों में एयरपोर्ट बनाने के लिए सर्वे भी किया जाएगा,अरावली बचाने के लिए 130 करोड़ खर्च होंगे**

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान की वित्त मंत्री दीया कुमारी ने बुधवार (11 फरवरी) को लगातार तीसरा फुल बजट पेश किया। करीब 2 घंटे 54 मिनट के बजट भाषण में दीया कुमारी ने सरकारी कर्मचारियों, किसानों के साथ हेल्थ सेक्टर, पेयजल, ट्रांसपोर्ट सेक्टर में कई घोषणाएं कीं।

उन्होंने कहा- 8वें वेतन आयोग के लिए हाईपावर कमेटी बनाई जाएगी। परीक्षाओं के लिए नई टेस्टिंग एजेंसी का भी बजट में ऐलान किया। सरकार स्कूली बच्चों को खेल किट और जादुई पिटारा भी देगी। असहाय, विमंदित, लावारिस मरीजों को अब फ्री इलाज मिलेगा। बजट में मुख्यमंत्री लखपति दीदी योजना में अब कर्ज की सीमा को 1 लाख से बढ़ाकर 1.50 लाख किया है।

वित्त मंत्री ने कहा- सरकारी कर्मचारी की मौत पर उसकी पुत्रवधू को भी अनुकंपा नियुक्ति मिल सकेगी। साथ ही कर्मचारी के सरकारी नौकरी में रहते समय स्थायी दिव्यांग हो जाती है और वह नौकरी करने में असमर्थ है तो आश्रित को अनुकंपा नियुक्ति मिलेगी। जलदाय विभाग में 3 हजार संविदा कर्मियों की नियुक्ति की घोषणा की गई है। साथ ही नई जल नीति लाने का भी ऐलान किया गया। करीब 6500 गांवों को हर घर नल हर घर जल योजना से जोड़ा जाएगा। इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में सरकार 1800 करोड़ रुपए की लागत से नई सड़कें और ब्रिज बनाएगी। 4 जिलों में एयरपोर्ट बनाने के लिए सर्वे भी किया जाएगा। अगले साल 15 नए रेलवे ओवर ब्रिज और अंडर ब्रिज भी बनाए जाएंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि सरकार 30 हजार युवाओं को 10 लाख तक का ब्याज मुक्त लोन देगी। झींगा पालने वाले किसानों को सस्ती बिजली भी दी जाएगी। इसके अलावा सरकार ने दूसरे राज्यों से गाड़ी खरीदने पर टैक्स में छूट का भी ऐलान किया है।

## 6.11 लाख करोड़ का बजट

इस बार 6 लाख 10 हजार 956 करोड़ का बजट पेश किया है। पिछली बार बजट का साइज 5 लाख 58 हजार 596 करोड़ था। इस बार बजट का साइज पिछली बार से 52 हजार 360 करोड़ ज्यादा है।

## कृषि बजट में बढ़ोतरी

दीया कुमारी ने कहा- कृषि बजट में 1 लाख 19 हजार 408 करोड़ का प्रावधान किया है। इसमें 69 हजार करोड़ समेकित निधि से खर्च होंगे। यह पिछले साल से 7.59 प्रतिशत ज्यादा है। कृषि बजट जीएसडीपी का 5.55 प्रतिशत है।

## गाड़ियों पर लगेगा कम टैक्स

- दीया ने कहा- सरकार ने कर्ज दस्तावेजों पर पंजीयन दर 1 प्रतिशत से घटाकर 0.5 प्रतिशत कर दिया है।
- बजट में अन्य राज्यों से लाए गए वाहनों पर टैक्स में कमी की गई है।
- अब सरकारी भवनों के निर्माण में 50 प्रतिशत तक एम सैंड का इस्तेमाल होगा, इसे 25 फीसदी से बढ़ाते हुए 50 प्रतिशत किया गया।
- वैट, भूमि कर, खनन, परिवहन से जुड़े बकाया टैक्सों के लिए एमनेस्टी स्कीम्स लाई जाएगी।
- 250 ईवी चार्जिंग स्टेशन खुलेंगे, 60 नए सीएनजी स्टेशन खुलेंगे।
- लॉजिस्टिक सेंटर्स को भी अब रिप्स-2024 का लाभ मिलेंगे, कस्टमाइज पैकेज और छूट मिलेंगी।

## किसानों को ब्याज मुक्त ऋण

- 35 लाख किसानों को 25 हजार करोड़ के ब्याज मुक्त फसली कर्ज दिए जाएंगे।
- इसके लिए 800 करोड़ ब्याज अनुदान पर खर्च किए जाएंगे। सहकारी बैंकों से किसानों को दीर्घकालीन कृषि कर्ज पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान दिया जाएगा।
- 5 लाख पशुपालकों को दूध पर बोनस पर 700 करोड़ का अनुदान मिलेगा।
- यूपी, गुजरात, एमपी सहित कई राज्यों में सरस के आउटलेट खोले जाएंगे।
- हर पंचायत स्तर पर नमो वन विकसित होंगे, नमो नर्सरी खोली जाएंगी।

## किसानों को मिलेगी सस्ती बिजली

- बजट में किसानों के लिए भी कई घोषणाएं की गई हैं। वित्त मंत्री ने कहा - शेखावाटी तक हथनी कुंड से यमुना का पानी लाने के लिए 32 हजार करोड़ की परियोजना का काम जल्द शुरू होगा।
- बीसलपुर के दायीं मुख्य नहर के 5000 हेक्टेयर के कमांड एरिया में 100 करोड़ की लागत से फव्वारा सिंचाई प्रणाली का लाभ मिलेगा।
- अगले साल 50 हजार सोलर पंप लगाए जाएंगे, 1500 करोड़ खर्च होंगे। किसानों को कृषि यंत्रों की खरीद पर 160 करोड़ का अनुदान मिलेगा।
- 8000 डिग्गियों का निर्माण होगा। 36 हजार नए फार्म पॉन्ड बनाने के लिए अनुदान मिलेगा, 80 हजार से ज्यादा किसानों को फायदा होगा।
- 50 हजार किसानों को तारंबदी के लिए 288 करोड़ का अनुदान दिया जाएगा।

## सरकारी कर्मचारियों के लिए घोषणा

- 8 नए जिलों, नई पंचायत समितियों में सरकार दफ्तर बनाने, 3467 नई ग्राम पंचायतों में विकास कामों के लिए 3000 करोड़ की लागत से विकास के काम होंगे।
- ग्रामदानी गांवों के किसानों को खातेदारी अधिकार मिलेंगे,अब तक ग्रामदानी गांवों के किसानों को खातेदारी अधिकार नहीं हैं।
- मुख्य सचिव दफ्तर में डिरेगुलेशन सेल भी बनाई जाएगी। डिजिटल अरेस्ट की बढ़ती घटनाओं पर राजस्थान साइबर क्राइम कंट्रोल सेंटर खोला जाएगा।
- शहरों में होमगार्ड की नफरी 5000 तक बढ़ाई जाएगी, इससे होमगार्ड को ज्यादा काम मिलेगा।
- उपनिवेशन विभाग खत्म होगा, उपननिवेशन विभाग का राजस्व विभाग में विलय होगा।
- गृह विभाग का रिवॉल्विंग फंड बढ़कर 7 करोड़ किया जाएगा।

## 50 हजार युवाओं को होगा फायदा



दीया कुमारी ने कहा कि- सीएम स्वरोजगार योजना के तहत 10 लाख तक ब्याज फी कर्ज,अनुदान दिया जाएगा। इससे 30 हजार युवाओं को लाभान्वित किया जाएगा। वहीं, नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की तर्ज पर प्रदेश में राजस्थान टेस्टिंग एजेंसी की स्थापना होगी। इसमें ऑनलाइन टेस्ट सुविधा सहित परीक्षाओं के आयोजन की सुविधा होगी। कॉलेज स्टूडेंट के लिए ड्रीम प्रोग्राम चलाया जाएगा, अगले साल 50 हजार छात्रों को इसका फायदा दिया जाएगा। राज सवेरा के नाम से नशे के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा।

## इन जिलों में खुलेंगे 15 नए कोर्ट



राजस्थान बजट 2026 में प्रदेश की न्यायिक व्यवस्था को मजबूत और सुलभ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। सरकार ने कानून व्यवस्था के साथ-साथ न्यायिक तंत्र के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण पर विशेष जोर दिया है। धोरीमन्ना (बाड़मेर), नीमराणा (कोटपूतली-बहरोड़), इटावा (कोटा), तारानगर (चूरू) और खाटूश्याम (सीकर) में वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश और अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के न्यायालय खोले जाएंगे। इससे इन इलाकों के लोगों को अब दूर नहीं जाना पड़ेगा।


## प्रदेश के कई जिलों में बनेंगे स्टेडियम



प्रदेश के ब्यावर, कोटपूतली- बहरोड़, बासवाड़ा, डीग, चित्तौड़गढ़, जालोर, राजसमंद, झुंझुनूं, करौली, कोटा, सीकर और बारां में नए स्टेडियम बनाए जाएंगे। जयपुर चित्रकूट स्टेडियम और ब्यावर के सम्राट पृथ्वीराज चौहान स्टेडियम में विकास कार्य होंगे। इसके साथ ही कई पुराने स्टेडियमों का पुनर्विकास भी किया जाएगा। ग्रामीण युवाओं के लिए सरकार ने बड़ा ऐलान किया है। 2500 से अधिक ग्राम पंचायतों में चरणबद्ध तरीके से ओपन जिम और खेल मैदान बनाए जाएंगे। इससे गांव के नौजवानों को खेल प्रतियोगिताओं के लिए तैयार करने में मदद मिलेगी। महाराणा प्रताप खेल विश्वविद्यालय, जयपुर में 100 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। खेलो राजस्थान यूथ गेम्स के लिए अगले साल 50 करोड़ रुपये का प्रावधान है।

## ड्रोन के लिए नई पॉलिसी लाएगी सरकार

- गवर्नेंस सेक्टर में भी दीया कुमारी ने कई बड़ी घोषणाएं की हैं। उन्होंने कहा- 25 हजार महिलाओं और युवाओं को मिनी ई मित्र के तौर पर अधिकृत किया जाएगा।
- नई आईटी पॉलिसी भी लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि- सीएम प्रमाण सेंटर की स्थापना होगी। नीति आयोग की तर्ज पर बने रीती पर अगले साल 10 करोड़ खर्च होंगे।
- राजस्थान जन विश्वास अधिनियम 2.0 लाया जाएगा। सरकारी नई ड्रोन पॉलिसी भी बनाएगी।
- सरकारी जमीनों के डिजिटल रिकॉर्ड बनाने और रीयल टाइम मॉनिटरिंग के लिए मरुधरा राज भूमि डिजिटल एड्रेस बनाया जाएगा।




## पानी की समस्या से निपटने के नए ऐलान

गर्मी में पर्याप्त पेजजल के लिए 600 ट्यूबवेल लगेंगे। समर कंटिजेंसी के लिए हर कलेक्टर को 1-1 करोड़ मिलेंगे। 10 करोड़ की लागत से पानी पद जयपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस खुलेगा। वाटर एफिसिएंसी पर पायलट प्रोजेक्ट। मोबाइल वाटर टेस्टिंग लैब शुरू होगा। राजस्थान की नई जल नीति लाई जाएगी। जलदाय विभाग में 3000 संविदा तकनीकी कर्मचारियों के पदों पर भर्ती होंगी करीब 2300 करोड़ की लागत से शहरों में पेयजल की सुविधाएं विकसित होंगी। अगले साल 3 लाख नए पेयजल कनेक्शन दिए।

## 4 जिलों में नए एयरपोर्ट की प्लानिंग

- बजट में जैसलमेर के खुड़ी में अल्ट्रा लग्जरी टूरिज्म जोन और कुलधरा में पर्यटन केंद्र शुरू करने की घोषणा की गई है।
- थार सांस्कृतिक सर्किट बनाया जाएगा, इसमें पश्चिमी रेगिस्तानी जिले शामिल होंगे।
- दीया कुमारी ने बजट में भरतपुर में बृज कन्वेंशन सेंटर, झुंझुनूं में वॉर म्यूजियम की भी घोषणा की।
- उन्होंने कहा कि 50 हजार बुजुर्गों को हवाई जहाज से तीर्थ यात्रा करवाई जाएगी।
- मंदिरों में विशेष पूजा के लिए 13 करोड़ दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि देवस्थान विभाग की धर्मशालाओं की मरम्मत होगी।
- देवस्थान की जमीनों पर बीओटी आधार पर धर्मशालाएं बनेंगी।

## गंभीर मरीजों के इलाज के लिए नई योजना

- गंभीर मरीजों और एक्सीडेंट के मामलों में तत्काल इलाज के लिए राज सुरक्षा के नाम से नई योजना शुरू की जाएगी।
- एक्सीडेंट में तत्काल इलाज के लिए हाईवे पर रेस्ट सेंटर्स पर एंबुलेंस तैनात की जाएगी।
- आत्महत्याएं रोकने और मानसिक स्वास्थ्य पर राज ममता के नाम से नया प्रोग्राम शुरू होगा।
- एसएमएस में मेंटल हेल्थ पर नया सेंटर खुलेगा। जिला अस्पतालों में मेंटल हेल्थ केयर सेंटर खुलेंगे।
- कॉलेजों में मेंटल हेल्थ और काउंसलिंग के लिए काउंसलर जाएंगे। हर ग्राम पंचायत में आरोग्य शिविर लगाए जाएंगे।

## पेनल्टी कॉर्नर




## पटेला री पोल

*बजट आया प्रदेश का, उम्मीदे थी इससे बहुत ज्यादा*
*बातें ज्यादा रह गई इसमें, मिला उम्मीद से भी आधा*
*आंकड़ों का यह मायाजाल, समझ में आती आधी बात*
*जनता को मुर्ख बनाते, घोषणा अधूरी पर कर की पूरी घात*

....मुखिया जी

राज्य बजट 2026-27 पर मुख्यमंत्री ने पत्रकार वार्ता को किया संबोधित : राज्य बजट 8 करोड़ प्रदेशवासियों के प्रति हमारे कर्तव्यों का दस्तावेज

# प्रदेश का समग्र एवं सतत विकास होगा सुनिश्चित : भजनलाल

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि बजट 2026-27 राजस्थान के समग्र एवं सतत विकास को सुनिश्चित करते हुए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के विजन को आगे बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि यह बजट तेज आर्थिक विकास, लोगों की आशाओं-आकांक्षाओं पर खरा उतरने और सबका साथ सबका विकास के तीन कर्तव्यों को सर्वोपरि रखते हुए बनाया गया है। यह बजट 8 करोड़ प्रदेशवासियों के प्रति हमारे कर्तव्यों का दस्तावेज है।

बुधवार को विधानसभा में उपमुख्यमंत्री (वित्त) दिया कुमारी द्वारा राज्य बजट 2026-27 प्रस्तुत किए जाने के बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकार वार्ता में कहा कि अंत्योदय के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि के दिन आया यह बजट महिला, युवा, मजदूर, वंचित, किसान सहित अंतिम पंक्ति के व्यक्ति के कल्याण को समर्पित है। उन्होंने कहा कि बजट में आधारभूत संरचना का सुदृढ़ीकरण सहित बिजली, पानी, शिक्षा, चिकित्सा जैसे बुनियादी क्षेत्रों में सुविधाओं और सेवाओं के लिए प्रावधान किए गए हैं, जिससे राजस्थान विकसित, समृद्ध और आत्मनिर्भर बनेगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026-27 के बजट का आकार 6 लाख 10 हजार 956 करोड़ रुपये है, जो वर्ष 2023-24 के बजट की तुलना में 41 प्रतिशत अधिक है।




## 10 स्तम्भों पर आधारित हमारा बजट

शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार जनता से किए गए वादों को तेजी से पूरा कर रही है। राज्य सरकार ने बजट 2025-26 में 1441 बजट घोषणाएं की थी, जिनमें से 1246 घोषणाओं (86 प्रतिशत) और वर्ष 2024-25 के बजट की 1277 घोषणाओं में से 1188 घोषणाओं (93 प्रतिशत) की क्रियान्विति की गई है। उन्होंने कहा कि बजट 2026-27 अवसंरचना का विस्तार, नागरिक सुविधाओं से गुणवत्तायुक्त जीवन स्तर में वृद्धि, औद्योगिक विकास एवं निवेश को प्रोत्साहन, मानव संसाधन का सशक्तिकरण, सुदृढ़ सामाजिक सुरक्षा प्रणाली, पर्यटन, कला एवं सांस्कृतिक धरोहर, सुशासन एवं डिजिटल परिवर्तन, कृषि विकास एवं किसानों का कल्याण, हरित विकास एवं पर्यावरणीय सततता और 2047 तक 4.3 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के मजबूत स्तम्भों पर आधारित है।

## परीक्षाओं में पारदर्शिता होगी सुनिश्चित

शर्मा ने कहा कि प्रतियोगी परीक्षाओं के बेहतर आयोजन के लिए बजट में राजस्थान स्टेट टेस्टिंग एजेंसी की घोषणा की गई है। इसके अंतर्गत ऑनलाइन टेस्टिंग सेंटर विकसित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से परीक्षाओं का आयोजन पारदर्शी तरीके से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं को निरंतर रोजगार प्रदान कर रही है। 5 साल में 4 लाख नौकरियों के संकल्प को पूरा करने के क्रम में अब तक 1 लाख से अधिक को सरकारी नियुक्तियां दी जा चुकी है। 1 लाख 54 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है तथा 1 लाख का भर्ती कैलेण्डर जारी किया है। वहीं, निजी क्षेत्र में 2 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित किए हैं।

## वीबी जी राम जी में 4 हजार करोड़ का प्रावधान

मुख्यमंत्री ने कहा कि बजट में वीबी जी राम जी योजना के अंतर्गत 4 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि किसान सम्मान निधि के अंतर्गत 76 लाख किसानों के खातों में 10 हजार 900 करोड़ से अधिक की राशि डीबीटी की गई है। यमुना जल को शेखावाटी क्षेत्र तक लाने के लिए 32 हजार करोड़ रुपये के कार्य शुरू होंगे। रामजल सेतु लिंक परियोजना में 26 हजार करोड़ रुपये के कार्यादेश जारी किए जा चुके हैं।

## जिला स्तर पर खुलेंगे रूरल महिला बीपीओ

मुख्यमंत्री ने कहा कि जिला स्तर पर रूरल महिला बीपीओ, मुख्यमंत्री नारी शक्ति उद्यम प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत महिला स्वयं सहायता समूहों को ऋण सीमा 50 लाख से बढ़ाकर 1 करोड़ रुपये तथा लखपति दीदी योजना में ऋण को 1 लाख से बढ़ाकर 1.5 लाख आदि प्रावधान महिलाओं के सशक्तिकरण में सहायक होंगे।

CMYK

## चर्चित हत्या प्रकरण में बड़ी कार्रवाई: फरार चौथा आरोपी सदासुख गिरफ्तार

**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** जिले में वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत फलोदी पुलिस ने चर्चित हत्या प्रकरण में फरार चल रहे चौथे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस थाना भोजासर की टीम ने हत्या के मामले में वांछित आरोपी सदासुख को गिरफ्तार किया है।पुलिस अधीक्षक फलोदी कुंदन कंवरिया आईपीएस ने बताया कि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ब्रजराजसिंह चारण आरपीएस एवं वृताधिकारी लोहावट नगेन्द्र कुमार के सुपरविजन में थानाधिकारी भोजासर जमील खान के नेतृत्व में गठित टीम ने यह कार्रवाई की।

# द्वारकाधीश मंदिर में पंच दिवसीय महारुद्री पाठ के साथ पुनः प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव शुरू

**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** शहर में भैया नदी स्थित द्वारकाधीश मंदिर में भव्य नवीनीकरण कार्य पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शिवालय परिवार एवं ज्योतिर्लिंग की पुनः प्राण प्रतिष्ठा के लिए पंच दिवसीय महारुद्री पाठ का शुभारंभ बुधवार, 11 फरवरी से हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य यजमान रमेश टरू एवं अभिषेक दवे द्वारा सपत्नीक विधि-विधान से पूजा-अर्चना के साथ की गई। द्वारकाधीश भक्त मंडल के तत्वावधान में आयोजित इस धार्मिक महोत्सव में आचार्य सुरेश बोहरा एवं पुजारी प्रमोद दवे के सान्निध्य में प्रतिदिन 25 वैदिक पाठी विभिन्न वैदिक अनुष्ठान सम्पन्न कर रहे हैं। कार्यक्रम के अंतर्गत गणपति पूजन, नांदी श्राद्ध, मातृका पूजन, वास्तु पूजन, ब्राह्मण वरण, धन्याधिवास, फलाधिवास, धृताधिवास, मिष्ठानधिवास, रूपाधिवास, न्यास-ध्यान, गृहशांति यज्ञ एवं महारुद्री पाठ



सहित हवन और महारुद्राभिषेक किए जा रहे हैं। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर अभिजीत मुहूर्त में शिवालय परिवार एवं ज्योतिर्लिंग की पुनः प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके पश्चात महाआरती, महाप्रसादी एवं भव्य भजन संध्या का आयोजन होगा।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 58वीं पुण्यतिथि पर भाजपा का समर्पण दिवस आयोजन





**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** 'अंत्योदय' एवं 'एकात्म मानववाद' के प्रणेता, भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 58वीं पुण्यतिथि पर भाजपा शहर मंडल फलोदी द्वारा पार्टी कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। इस अवसर पर उनके छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि दी गई। भाजपा परिवार द्वारा इस दिवस को 'समर्पण दिवस' के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में भाजपा शहर अध्यक्ष शिवप्रकाश पंचारिया, महामंत्री जसवंत सोनी, जिला मंत्री चतुर्भुज सोनी, वरिष्ठ नेता गोपाल जी रंगा, मूलचंद जोशी, महेश शर्मा, जुगल गुचिया, हरीश दवे सहित अनेक पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचारों को राष्ट्र निर्माण की प्रेरणा बताते हुए उनके सिद्धांतों पर चलने का संकल्प दोहराया।

## सीवरेज लाइन, मेडिकल कॉलेज व नए सरकारी भवनों का जिक्र नहीं; आमजन में नाराजगी, भाजपा नेताओं ने बताया विकासोन्मुख बजट

**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य बजट में फलोदी विधानसभा क्षेत्र के लिए कई महत्वपूर्ण घोषणाएँ की गई हैं, जिन्हें क्षेत्र के विकास की दिशा में बड़ा कदम माना जा रहा है।

जंभेश्वर तपोस्थली जाम्बा से सुरपुरा तक 12 करोड़ की लागत से सड़क निर्माण, फलोदी-खीचन-नागौर रेलवे क्रॉसिंग पर आरओबी की डीपीआर, नगरपरिषद फलोदी में मास्टर ड्रेनेज प्लान, औद्योगिक पार्क का विकास, जिला चिकित्सालय में नशा मुक्ति वार्ड की स्थापना तथा सैनिक कॉम्प्लेक्स निर्माण जैसी घोषणाओं ने क्षेत्र में नई उम्मीदें जगाई हैं।इसके साथ ही नगरपरिषद फलोदी व नगर पालिका बाप के डम्प हाउस में पड़े पुराने कचरे के निस्तारण, ई-चार्जिंग स्टेशन, फायर बाइक, सहायक निदेशक कृषि कार्यालय, बहुउद्देशीय पशु चिकित्सालय, आयुर्वेदिक चिकित्सालय को जिला स्तर पर क्रमोन्नत करने तथा खीचन वेटलैंड के लिए इंटीग्रेटेड मैनेजमेंट प्लान जैसी योजनाएँ भी बजट में शामिल की गई हैं। कोलायत लिफ्ट नहर सिस्टम के पुनर्निर्माण व आधुनिकीकरण के लिए 50 करोड़ रुपये की घोषणा को भी अहम माना जा रहा है।हालांकि इन घोषणाओं के बावजूद आमजन में कुछ हद तक नाराजगी भी देखी गई। शहर की लंबे समय से लंबित सीवरेज लाइन परियोजना, मेडिकल कॉलेज की स्थापना, शहरी क्षेत्र में व्यापक आधारभूत विकास, नए सरकारी भवनों के निर्माण जैसी प्रमुख मांगों का बजट में उल्लेख नहीं होने से नागरिकों और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने निराशा व्यक्त की है। उनका कहना है कि तेजी से बढ़ते शहर के लिए ये बुनियादी सुविधाएँ अत्यंत आवश्यक थीं।वहीं भाजपा के कई नेताओं ने इस बजट को राज्य के समग्र और संतुलित विकास की दिशा में दूरदर्शी कदम बताते हुए कहा कि घोषित योजनाएँ फलोदी को नई पहचान देंगी और आने वाले समय में अन्य मांगों पर भी सकारात्मक निर्णय होंगे।कुल मिलाकर बजट को लेकर फलोदी में उत्साह और अपेक्षा के साथ-साथ अधूरी मांगों को लेकर चर्चा भी जारी है।

## बजट बालोतरा के लिए प्रगति की सौगात लेकर आया: अरुण चौधरी

**बालोतरा (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार द्वारा विधानसभा में पेश किए गए वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट को पचपदरा विधायक अरुण चौधरी ने विकसित राजस्थान के संकल्प को सिद्ध करने वाला बजट बताया साथ ही उन्होंने कहा कि यह बजट बालोतरा जिले व पचपदरा विधानसभा के लिए प्रगति, उन्नति व विकास की सौगात लेकर आया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा पेश किया गया यह बजट, गरीब, किसान, युवा व महिलाओं के लिए विशेष रूप से अनुकरणीय है, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का विजन रहा है कि प्रत्येक वर्ग को समानता का अधिकार मिले इसी की तर्ज पर यह महत्वपूर्ण बजट पेश किया गया जिसका जनता ने दिल से स्वागत किया है। अरुण चौधरी ने बताया कि बालोतरा व पचपदरा क्षेत्र के लिए यह बजट खुशियों का उपहार लेकर आया जिसमें बागूडी से मलवा महादेव मंदिर तक 10 किमी सड़क निर्माण कार्य हेतु 2 करोड़ की स्वीकृति,बालोतरा में जिला सहकारी उपभोक्ता भंडार की स्वीकृति,जिला मुख्यालय पर उपहार विक्रय केंद्र की स्थापना,पर्यावरण संरक्षण के लिए बालोतरा में नमो नर्सरी की स्थापना,बालोतरा में उच्च जलाशय एवं पंप लाइन का कार्य हेतु बजट की स्वीकृति,बालोतरा के विभिन्न गांवों को पेयजल हेतु जोड़ने के लिए बजट स्वीकृत,नॉन पिचेंबल सड़कों का नवीनीकरण,विभिन्न मिसिंग लिंक सड़कों हेतु बजट स्वीकृत,12 नलकूप और 13 हैंडपम की स्वीकृति,बालोतरा में 25 क्षमता के बाल गृह एवं 50 क्षमता ऑब्जर्वेशन होम की स्थापना,बालोतरा में सहायक निदेशक कृषि (विस्तार) कार्यालय की स्थापना,बालोतरा में मिनी सचिवालय हेतु बजट स्वीकृत,बालोतरा जिला मुख्यालय पर 8 करोड़ की लागत राशि से अभय कमांड की स्थापना हेतु बजट स्वीकृत,जिला मुख्यालय पर पुलिस विभाग में ह्यष/ह्यह्ल कार्यालय की स्वीकृति,बालोतरा में मानव तस्करी विरोधी (़।ञ्ज) यूनिट की स्थापना,कल्याणपुर महाविद्यालय को त्न से क्क्न में क्रमोन्नत, कल्याणपुर डोली में बढ़ रहे पर्यावरण प्रदूषण को रोकने के लिए जोधपुर व पाली से आने वाले प्रदूषित पानी के निस्तारण हेतु 50 करोड़ का बजट स्वीकृत,पुरे राजस्थान सहित लूणी नदी को प्रदूषण से बचाने हेतु पुरे राजस्थान के लिए सी ई टी पी अपग्रेडेशन हेतु 1000 करोड़ का प्रावधान लिया गया है।

## विकास के पथ पर अग्रसर सिवाना विधानसभा, मिली अनेक महत्वपूर्ण सौगातें

**बालोतरा (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट में सिवाना विधानसभा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। सड़क, विद्युत, शिक्षा, पेयजल, प्रशासनिक ढांचे और पर्यटन विकास से जुड़ी इन घोषणाओं से क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा तथा आमजन को सीधा लाभ मिलेगा।विधायक हमीर सिंह भायल ने बताया कि एनएच-325 से मोकलसर रेलवे स्टेशन तक 1.50 किलोमीटर सड़क निर्माण के लिए 2 करोड़ 27 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है, जिससे आवागमन सुगम होगा। बावतरा जालोर सीमा से पादरू, मिठोड़ा, दाखा मार्ग के 12 किलोमीटर डबल लेन अधूरे कार्य को पूर्ण करने के लिए 12 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।इसके अलावा नॉन-पैचेबल सड़कों के नवीनीकरण, मिसिंग लिंक सड़कों के निर्माण तथा ओडीआर सड़कों को एमडीआर में क्रमोन्नयन की घोषणा से क्षेत्रीय संपर्क व्यवस्था मजबूत होगी। बामसीन फाटक पर आरओबी (रेलवे ओवरब्रिज) निर्माण हेतु डीपीआर तैयार करने की घोषणा भी की गई है, जिससे यातायात बाधाएं कम होंगी। सिणधरी ग्रामीण क्षेत्र में 33/11 केवी सब स्टेशन की स्थापना से बिजली आपूर्ति सुदृढ़ होगी। पादरू में राजकीय महाविद्यालय खोले जाने की घोषणा से क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। सिवाना मुख्यालय पर सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता कार्यालय की स्थापना से विकास कार्यों की निगरानी और क्रियान्वयन में तेजी आएगी। समदड़ी, सिवाना और सिणधरी में नगर पालिका भवनों के निर्माण की घोषणा से शहरी ढांचे को मजबूती मिलेगी। सिवाना दुर्ग की तलहटी में वीर दुर्गादास राठौड़ पैनोरमा का निर्माण क्षेत्र को पर्यटन मानचित्र पर नई पहचान दिलाएगा।

## मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना बनी पशुपालकों के लिए सुरक्षा कवच एवं आर्थिक संबल का मजबूत आधार राज्य सरकार की जनकल्याणकारी पहल से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मिली नई मजबूती

**जैसलमेर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना जैसलमेर जिले के पशुपालकों के लिए किसी वरदान से कम साबित नहीं हो रही है। योजना के माध्यम से पशुधन की असमयिक मृत्यु से होने वाले आर्थिक नुकसान की भरपाई कर पशुपालकों को राहत एवं आत्मविश्वास प्रदान किया जा रहा है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी नई मजबूती मिल रही है। जिले में योजना के प्रथम चरण के तहत 51 हजार पशुओं का स्वास्थ्य प्रमाण-पत्र जारी कर बीमा पॉलिसी प्रदान की गई। इसके तहत गाय, भैंस, भेड़, बकरी एवं ऊँट की असामयिक मृत्यु पर पशुपालकों को बीमा राशि का भुगतान किया गया, जिससे उन्हें आर्थिक संबल प्राप्त हुआ। अब तक मृत पशुओं के क्लेम के रूप में लगभग 27 लाख रुपये की बीमा राशि पशुपालकों के बैंक खातों में सीधे हस्तांतरित की जा चुकी है। संयुक्त निदेशक पशुपालन विभाग डॉ. उमेश वरंगटीवार एवं उप निदेशक राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जैसलमेर हरिहर सिंह ने बताया कि अब तक 207 पशुपालकों के खातों में करीब 27 लाख रुपये की सहायता राशि पहुंच चुकी है। इसके अतिरिक्त 154 पशुपालकों के लगभग 24 लाख रुपये के क्लेम कोष कार्यालय को प्रेषित किए जा चुके हैं, जो शीघ्र ही संबंधित लाभार्थियों के खातों में जमा कर दिए जाएंगे।

## मंडवारिया में भक्ति और शक्ति का संगम: पुष्प वर्षा और संत सानिध्य के साथ दाता सार्दुलसिंहजी की प्राण-प्रतिष्ठा संपन्न

**सिरोही (हुक्मनामा समाचार)।** जिले के ऐतिहासिक गांव मंडवारिया की पावन धरा पर बुधवार को श्रद्धा, राजसी वैभव और आध्यात्मिक ऊर्जा का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। दाता सार्दुलसिंहजी मंदिर भव्य प्राण-प्रतिष्ठा महोत्सव के दूसरे दिन न केवल धार्मिक अनुष्ठान संपन्न हुए, बल्कि दिग्गज संतों और राजनीतिक हस्तियों की उपस्थिति ने इस उत्सव को यादगार बना दिया। आयोजक एवं महोत्सव के लाभार्थी नरेन्द्र सिंह मंडवारिया ने बताया कि सुबह शुभ मुहूर्त में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्राण-प्रतिष्ठा की प्रक्रिया शुरू हुई। रोवाड़ा मंदिर के मुख्य पुजारी व भक्त सरदार सिंह के सानिध्य में पंडित मनीष ओझा व 11 विद्वान पंडितों ने दाता सार्दुल सिंह जी, वीरजी बावजी और मालजी दाता की मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा की। मंदिर के शिखर पर गाजे-बाजे के साथ ध्वजा रोहण किया गया। जैसे ही मंदिर की प्रतिष्ठा संपन्न हुई, आसमान से



हेलीकॉप्टर द्वारा मंदिर और उपस्थित जनसमूह पर फूलों की वर्षा की गई। इस विहंगम दृश्य को देखकर हजारों श्रद्धालुओं ने एक स्वर में 'दाता' के जयकारे लगाए। महाप्रसादी का आयोजन हुआ जिसमें हजारों लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। इस विशाल और भव्य आयोजन के लाभार्थी नरेंद्र सिंह मंडवारिया रहे। उनकी और उनके परिवार की अटूट श्रद्धा और कठोर परिश्रम के ही परिणाम स्वरूप महोत्सव इतना सफल रहा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित संतों और मंदिर कमेटी व ग्रामवासियों ने नरेंद्र सिंह मण्डवारिया और उनके परिवार का बहुमान किया। संतों ने उन्हें आशीर्वाद व माल्यार्पण कर उनके इस पुण्य कार्य की प्रशंसा की।

## 7 माह से फरार एमडी सप्लायर गिरफ्तार, 2.25 लाख की नशीली दवा बरामद

**फलौदी( हुक्मनामा समाचार )।** जिले में मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत भोजासर थाना पुलिस ने 14.65 ग्राम एमडी की सप्लाई करने वाले वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कुंदन कंवरिया आईपीएस ने बताया कि 14 जुलाई 2025 को लक्ष्मण नगर क्षेत्र में पेट्रोल पंप के पीछे से 14.65 ग्राम एमडी बरामद की गई थी, जिसकी बाजार कीमत करीब 2.25 लाख रुपये आंकी गई। इस मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया था।

## ई-मित्र केन्द्रों का किया औचक निरीक्षण

**जैसलमेर( हुक्मनामा समाचार )।** जिले के सम क्षेत्र के ई-मित्र केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। इसी क्रम में सूचना प्रौद्योगिकी और संचार विभाग की संयुक्त निदेशक, जयश्री द्वारा ग्राम पंचायत दामोदरा, कनोई, सम, शाहगढ क्षेत्र में स्थापित ई-मित्र कियोस्क का बुधवार को औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान मौके पर ई-मित्र केन्द्रो पर जिन पर को-ब्राडेंड बैनर एवं रेट लिस्ट चस्पा नहीं थी एवं ई-मित्र धारक द्वारा निर्धारित स्थल पर सेवाएं नहीं देने के कारण नियमानुसार ई-मित्र ऐप के माध्यम से ऑनलाइन शास्ति आरोपित की गई। साथ ही निरीक्षण के दौरान कियोस्क धारकों को ई-मित्र केन्द्र पर सुदृश्य स्थान पर रेट लिस्ट लगाने एवं ई-मित्र सम्बन्धित सेवाओं के लिए निर्धारित राशि से अधिक वसूली नहीं करने के निर्देश दिये।

## बैंक ऑफ इंडिया नाड़सर शाखा द्वारा वित्तीय साक्षरता कैंप आयोजित



**भोपालगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा मनाए जा रहे वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत बैंक ऑफ इंडिया की नाड़सर शाखा द्वारा ग्राम पंचायत नाड़सर में एक दिवसीय वित्तीय साक्षरता कैंप का आयोजन किया गया।

यह कैंप आंचलिक प्रबंधक देव शरण के निर्देशानुसार आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के नागरिकों को बैंकिंग सेवाओं एवं डिजिटल लेनदेन के प्रति जागरूक करना था।कैंप के दौरान उपस्थित ग्राहकों को बचत की महत्ता, विभिन्न बैंकिंग योजनाओं, प्रधानमंत्री जनधन योजना, बीमा एवं पेंशन योजनाओं की जानकारी दी गई। साथ ही डिजिटल भुगतान जैसे यूपीआई, मोबाइल बैंकिंग, एटीएम उपयोग तथा साइबर ठगी से बचाव के उपायों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया। बैंक अधिकारियों ने लोगों को नियमित बचत करने और सुरक्षित बैंकिंग अपनाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम में ग्राम पंचायत नाड़सर के सरपंच रामभरोसी जलवानिया, शाखा प्रबंधक सीताराम सोलंकी, अधिकारी आदित्य विशाल, मुख्य रोकड़िया केशव भारद्वाज सहित कई ग्राहक उपस्थित रहे। उपस्थित ग्रामीणों ने कैंप को उपयोगी बताते हुए बैंक का आभार व्यक्त किया।

# महाविद्यालय में उत्साहपूर्वक आयोजित हुआ इलेक्टॉरल लिटरेसी फेस्टिवल

**फलोदी (हुक्मनामा समाचार)।** जयनारायण मोहनलाल पुरोहित राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय, फलोदी में बुधवार को इलेक्टॉरल लिटरेसी फेस्टिवल उत्साह और उमंग के साथ आयोजित किया गया। प्राचार्य शशांक दवे ने बताया कि सत्र 2025-26 में जिला स्तरीय उत्कृष्ट निर्वाचन साक्षरता क्लब अवार्ड महाविद्यालय को प्राप्त होने के उपलक्ष्य में राजस्थान निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार इस आयोजन का संचालन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए मतदाता जागरूकता से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय सहभागिता निभाई। इस अवसर पर मतदाता साक्षरता विषयक रंगोली, पोस्टर एवं क्विज प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने लोकतंत्र, मतदान के अधिकार और जागरूक मतदाता की भूमिका को रचनात्मक अभिव्यक्ति दी। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्रदान कर सम्मानित किया गया।निर्वाचन साक्षरता क्लब प्रभारी अमन चौधरी ने





विद्यार्थियों को अपने मताधिकार का निष्पक्ष, निर्भीक और जिम्मेदारीपूर्वक प्रयोग करने के लिए प्रेरित करते हुए चुनावी प्रक्रिया के प्रति सजग रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन से परिसर में लोकतांत्रिक मूल्यों और मतदाता जागरूकता का सकारात्मक वातावरण बना। इस दौरान महाविद्यालय स्टाफ एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## नशा मुक्त समाज ही स्वर्णिम भारत की नींव: गीतांजली पब्लिक स्कूल पचपदरा में जागरूकता कार्यक्रम हुआ आयोजित

**बालोतरा (हुक्मनामा समाचार)।** पचपदरा के गीतांजली पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को नशे की आदतों से दूर रहने और मानसिक सशक्तिकरण के उद्देश्य से एक विशेष 'नशा मुक्ति अभियान' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम परमपिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू की ओर से अस्मिता बहन के सानिध्य में संपन्न हुआ।नशा: जीवन का अंधकार मुख्य वक्ता अस्मिता बहन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा न केवल शरीर को खोखला करता है, बल्कि व्यक्ति की निर्णय लेने की क्षमता और संस्कारों को भी नष्ट कर देता है। उन्होंने बताया कि युवा पीढ़ी को नशे के जाल से बचाने के लिए 'राजयोग' और सकारात्मक जीवनशैली अपनाना अनिवार्य है।

**कार्यालय नगरपालिका पीसांगन, जिला अजमेर (राज.)**
रिछमालिया रोड़, पीसांगन
E-mail : nagarpalikapisangan@gmail.com

क्रमांक : न.पा.पी./निविदा/2025-26/1821 दिनांक : 09.02.2026

**-: ई-निविदा सूचना संख्या (08/2025-26) :-**

नगर पालिका पीसांगन द्वारा निम्न कार्य कराये जाने हेतु वर्ष 2025-26 में नगरपालिका क्षेत्र पीसांगन में सी.सी. सडक निर्माण कार्य करवाये जाने की सेवाओं हेतु इच्छुक एंव अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया हेतु आनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। इच्छुक संवेदको को अपने डिजिटल हस्ताक्षर के माध्यम से वेबसाईट पर रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है। ई-टेण्डरिंग में न्यूनतम दर को स्वीकार की जायेगी। निविदा फार्म ऑनलाईन वेबसाईट http://www.eproc.rajasthan.gov.in डाउनलोड एवं अपलोड़ व http://www.sppp.rajasthan.gov.in पर डाउनलोड किये जा सकते है। उक्त निविदा सूचना पोर्टल पर दिनांक 10.02.2026 से देखी जा सकती है।
उक्त कार्य की (NIB Cobe DLB2526B1393)
UBN NO. - (1) DLB2526WSOB33576 (2) DLB2526WSOB33577 (3) DLB2526WSOB33578 (4) DLB2526WSOB33579 (5) DLB2526WSOB33580 (6) DLB2526WSOB33581 (7) DLB2526WSOB33582 (8) DLB2526WSOB33583

अधिशाषी अधिकारी
नगरपालिका पीसांगन

राज.संवाद/सी/25/19597

hukmnama.jodhpur@gmail.com

# बजट में जोधपुर संभाग के 851 गांवों में पेयजल के लिए 50 करोड़

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** राज्य विधानसभा में पेश किए गए वित्तीय वर्ष 2026-27 के बजट में जोधपुर संभाग को लेकर भी सरकार ने कई घोषणा की है. संभाग में पेयजल और सिंचाई जल पर फोकस, लिफ्ट नहर का होगा, सुदृढ़ीकरण, रिजर्व वायर की डीपीआर बनेगी. बजट में जोधपुर संभाग के जैसलमेर, बाड़मेर, जालौर में पेयजल और सिंचाई जल योजनाओं को लेकर सरकार ने बड़ी घोषणाएं की है. जैसलमेर बाड़मेर एवं बालोतरा के 851 गांव में पेयजल उपलब्धता में सुधार के लिए बाड़मेर लिफ्ट योजना के मोहनगढ़ स्थित हेडक्वार्टर पर 50 करोड़ रुपए की लागत से सुदृढ़ीकरण का काम करवाया जाएगा. बाड़मेर के शिव में 132 केवी का एक बिजली घर बनेगा.



जोधपुर संभाग मुख्यालय पर लघु व छोटे उद्योगों को संबल देने के लिए प्लग एंड प्ले फैसिलिटी फॉर स्मॉल एंड माइक्रो एंटरप्राइजेज स्थापित होगा. जोधपुर पाली मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र के लिए लगभग 3600 हेक्टेयर भूमि विकसित होगी. प्रथम चरण में सड़क, बिजली, पानी और आधारभूत संरचना पर 2 सालों में 600 करोड़ रुपए का खर्च किया जाएगा. विज्ञान के प्रति लोगों की रुचि बढ़ने के लिए जोधपुर स्थित स्टेट रिमोट सेंसिंग एप्लीकेशन सेंटर में स्पेस गैलरी का निर्माण किया जाएगा.

गुड़ामालानी में डाक बंगले का निर्माण किया जाएगा. बाड़मेर, रामसर, गुड़ामालानी, जैसलमेर, पोकरण में आईआईटी में विंड प्लांट टेक्नीशियन के ट्रेड शुरू किए जाएंगे. चौहटन का आयुर्वेद अस्पताल क्रमानत होगा. बाड़मेर के किराडू मंदिर समूह के संरक्षण, जीर्णोधार का काम करवाया जाएगा. बाड़मेर के धोरीमना में वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश एवं अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय खुलेगा. नर्मदा नहर परियोजना सांचौर में मानसून के दौरान जल भंडारण एवं क्षमता बढ़ाने की उपयोगिता की संभावना के लिए रिजर्व वायर विकसित करने के लिए डीपीआर बनेगी. जिस पर 2 करोड़ रुपए खर्च होंगे. इस परियोजना से सांचौर, गुढ़ामालानी व चौहटन को लाभ होगा.

संभाग के सिरोही, जालौर और पाली में मुर्गी पालन को बढ़ावा देने के लिए महिला शक्ति पोल्ट्री समूह के माध्यम से 35 क्लस्टर स्थापित किए जाएंगे. प्रत्येक पर 10 लाख रुपए का अनुदान दिया जाएगा. नगरीय पेयजल योजना जैसलमेर के लिए मोहनगढ़ से गजरूप सागर तक अतिरिक्त पाइपलाइन, 30 एमएलडी फिल्टर प्लांट, डिग्गी निर्माण पर 196 करोड़ रुपए होंगे व्यय. जालौर के आहोर में स्टेडियम का निर्माण होगा. जैसलमेर के पोकरण में नवीन इनडोर स्टेडियम बनेगा. जल एवं वायु प्रदूषण की बेहतर निगरानी के लिए पाली, जोधपुर, बालोतरा में क्लस्टर आईओटी बेस्ड सिस्टम विकसित किए जाएंगे. इन पर 50 करोड़ रुपए की लागत आएगी.

पाली में 50 मीट्रिक टन प्रतिदिन क्षमता के कंस्ट्रक्शन एंड डिमोलिशन वेस्ट प्लांट की स्थापना की जाएगी. पाली में 15 एमएलडी क्षमता के एसपी का निर्माण एवं पुराने एमएलडी एसटीपी का उन्नयन किया जाएगा. जिस पर 43 करोड़ रुपए की लागत आएगी. सुमेरपुर में सीवर लाइन के द्वितीय चरण पर 30 लाख रुपए खर्च होंगे. पाली के सोजत में तालाब की मरम्मत पर 2 करोड़ रुपए खर्च होंगे. पाली जिले में नगरीय क्षेत्र में बाढ़ प्रबंधन के विशेष प्रावधान किए जाएंगे. पाली आईटीआई में फाइबर टू होम टेक्नीशियन के ट्रेड शुरू किए जाएंगे. पाली में विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट एनआई एक्ट न्यायालय खुलेगा.

राज्य में एग्रोफोरेस्ट्री के पौधे तैयार करने के लिए जोधपुर, पाली और कोटा में हाईटेक नर्सरी की स्थापना होगी. पश्चिमी राजस्थान में औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने के लिए 1000 कृषकों को इसबगोल, अश्वगंधा, सफेद मूसली, एलोवेरा सहित अन्य औषधिय पौधों के उन्नत बीज उपलब्ध कराए जाएंगे.

# ओसियां के सिंवर राजस्थान बीज कॉर्पोरेशन के निदेशक नियुक्त

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** राज्य सरकार ने ओसियां निवासी तुलछाराम सिंवर को राजस्थान राज्य बीज कॉर्पोरेशन लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स (निदेशक) के रूप में नियुक्त किया है। यह नियुक्ति जयपुर में आयोजित कॉर्पोरेशन की 47वीं वार्षिक आमसभा में की गई। सिंवर वर्तमान में भारतीय किसान संघ के प्रदेश महामंत्री हैं।



तुलछाराम सिंवर ने पूरे प्रदेश में नशामुक्त किसान, रसायन मुक्त खेती अभियान चलाकर किसानों को जागरूक किया है। उन्होंने प्राकृतिक और टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने के लिए लगातार संवाद, प्रशिक्षण और किसान बैठकों का आयोजन किया।

इस मौके पर भारतीय किसान संघ के प्रदेश महामंत्री तुलछाराम सिंवर ने कहा - मुझे बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के रूप में जो जिम्मेदारी मिली है, उसे किसान हित में पूरी क्षमता से निभाने का प्रयास करूंगा। किसानों को समय पर उन्नत बीज किफायती दरों पर मिले, निजी कंपनियों की बीज उत्पादन में मोनोपॉली न बढ़े और प्रदेश बीज उत्पादन में आत्मनिर्भर बने — यही हमारा प्रयास रहेगा।

नियुक्ति की सूचना मिलते ही किसान संगठनों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों ने तुलछाराम सिंवर का स्वागत किया। समर्थकों ने माल्यार्पण कर मिठाई खिलाई और शुभकामनाएं दीं। उपस्थित लोगों ने कहा कि सिंवर की नियुक्ति से किसानों की आवाज अब नीति निर्माण के स्तर तक और प्रभावी ढंग से पहुंचेगी। उनके अनुभव और सक्रियता का लाभ प्रदेश के किसानों को मिलेगा।

# बजट विकसित राजस्थान को समर्पित : लघु उद्योग भारती

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** लघु उद्योग भारती ने राजस्थान की उपमुख्यमंत्री व वित्तमंत्री दीया कुमारी द्वारा प्रस्तुत आज राज्य बजट को अमृतकाल-विकसित राजस्थान 2047 की संकल्पना को साकार करने वाला एवं सर्वजन हिताय आधारित व प्रदेश के चहुंमुखी विकास के लिए समर्पित बजट बताया। इस बजट मे गरीब, उद्यमी, युवा, अन्नदाता एवं नारी शक्ति को ध्यान मे रखते हुए माननीय मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कुशल नेतृत्व मे सेवा, समर्पण तथा सुशासन को प्राथमिकता दी गयी है।

इस बजट मे आधारभूत सुविधाऐं जैसे सड़क, पानी, बिजली, शिक्षा व स्वास्थ्य को ध्यान मे रखते हुए पेश किया गया है। लघु उद्योग भारती के निवर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष घनश्याम ओझा ने जोधपुर पाली मारवाड औद्योगिक क्षेत्र के लिये 3600 हैक्टेयर जमीन फैजमेनर मे विकसित करने, कौशल विकास केन्द्र की स्थापना एवं महिला उद्यमियों को विशेष प्रोत्साहन देने को स्वागत योग्य बताया। साथ ही पश्चिमी राजस्थान के लिये सीईटीपी की सौगात देने की प्रशंसा की।

प्रदेश उपाध्यक्ष महावीर चौपड़ा ने राजस्थान मे आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिये 1800 करोड रूपये की घोषणा करने एवं नई आईटी पॉलिसी लाने एवं नीति आयोग की तर्ज पर रीती पर अगले साल 10 करोड के खर्च का स्वागत किया। प्रान्त महामंत्री सुरेश कुमार विश्नोई ने हस्तशिल्प उद्योगों के लिये नये लॉजिस्टिक हब बनाने के लिये इनलेण्ड कंटेनर डिपो खोलने की प्रंशसा की। प्रान्त उपाध्यक्ष हरीश लोहिया ने शिक्षा एवं कर प्रणाली में किये गये सुधारों को स्वागत योग्य बताया तथा वैट, भूमि कर, खनन एवं परिवहन से जुडे बकाया टैक्सों के लिये एमेनेस्टी योजना लाने की सराहना की। जोधपुर महानगर अध्यक्ष पंकज भण्डारी ने दस्तकारों को 15 करोड की लागत से मिट्टी कलाकारों को इलेक्ट्रिक चॉक उपलब्ध करवाने एवं गुड गवर्नेंस हेतु राजस्थान जन विश्वास अधिनियम 2.0 लाने की प्रशंसा की। महानगर सचिव राकेश चौरड़िया ने पर्यावरण संरक्षण एवं जल संरक्षण की दिशा मे की गयी घोषणाओं का स्वागत किया।

सदस्य अशोक कुमार गहलोत व चेतन सांखला ने खनन क्षेत्रों मे की गयी विभिन्न घोषणाओं जैसे पट्टा आवंटन हेतु आवेदन के समय देय प्रीमीयम राशि को 40 प्रतिशत से घटाकर 30 प्रतिशत करने का स्वागत किया। लघु उद्योग भारती ने राज्य बजट मे की गयी सभी घोषणाओं का स्वागत करते हुए राजस्थान सरकार का आभार व्यक्त किया।

# ट्रेन में भूला सामान टीटीई की ईमानदारी से यात्री को सुरक्षित लौटाया



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे के जोधपुर मंडल में कार्यरत टीटीई ने ट्रेन में यात्री द्वारा भूला गया कीमती सामान सुरक्षित लौटाकर ईमानदारी एवं कर्तव्यनिष्ठा का उदाहरण प्रस्तुत किया है।

जोधपुर मंडल के सीनियर डीसीएम हितेश यादव ने बताया कि यात्री सुरेंद्र बरमेचा 10 फरवरी को ट्रेन संख्या 22481 जोधपुर-दिल्ली सराय रोहिल्ला सुपरफास्ट एक्सप्रेस की फर्स्ट एसी के ए कैबिन में यात्रा कर रहे थे। दिल्ली सराय रोहिल्ला स्टेशन पर उतरते समय उनका बैग ट्रेन में ही छूट गया, जिसमें दो सैमसंग मोबाइल फोन, ईयरबड्स एवं तीन चश्मे रखे हुए थे। यात्री का छूटा हुआ बैग जोधपुर मंडल में कार्यरत टीटीई महेंद्र गहलोत को मिला। उन्होंने सतर्कता एवं ईमानदारी का परिचय देते हुए बैग को सुरक्षित अपने पास रखा। एचएचटी मशीन की सहायता से यात्री का मोबाइल नंबर प्राप्त कर उनसे संपर्क किया गया तथा स्टेशन पर बुलाकर पूरा सामान सुरक्षित रूप से उन्हें लौटा दिया गया। अपना सामान सुरक्षित मिलने पर यात्री सुरेंद्र बरमेचा ने टीटीई महेंद्र गहलोत की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए भारतीय रेल की ईमानदारी एवं यात्रियों के प्रति सजगता की सराहना की। यह घटना जोधपुर मंडल के रेल कर्मचारियों की कर्तव्यनिष्ठा, ईमानदारी एवं यात्रियों के प्रति संवेदनशीलता का उत्कृष्ट उदाहरण है।

# एक दिवसीय होम्योपैथिक सेमिनार संपन्न

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन राजस्थान आयुर्वेद विश्वविद्यालय, करवड़ में सुश्रुत भवन में एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया। यह सेमिनार हैनीमेंन होम्यो फोरम, मुंबइ एवं यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ होम्योपैथी के तत्वाधान में आयोजित किया। इस अवसर पर एचएचएफ के संस्थापक सदस्य डॉ. गोपीनाथ मेनन एवं बांझपनविशेषज्ञ डॉ. अमोल राणे ने प्रमुख वक्ता के रूप में अपने व्यावहारिक एवं शोध आधारित व्याख्यान प्रस्तुत किए।



इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कॉलेज से क्लीनिक तक की दूरी कम करना था। मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. गौरव नागर रहे। इस कार्यक्रम में डॉ. रोज़लिना डी'सूज़ा, डॉ. अर्जुन राजपुरोहित, डॉ. काजल वर्मा एवं डॉ. राकेश कंसोटिया का सहयोग रहा साथ ही होम्योपैथी फ़ार्मेसी एसबीएल, एडवन बायो टेक, एलडीडी, होम्यो एक्सपर्ट, राज होम्यो स्टोर्स, खंडेलवाल होम्यो जयपुर/जोधपुर, खेतानाथ होम्यो. के प्रतिनिधि एवं लगभग 350 विद्यार्थी एवं विभिन्न जगह आये हुए होम्योपैथिक चिकित्सक उपस्थित रहे।

# विहार सेवा में अब श्राविकाएं भी देने लगी सेवाएं

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** नवकार विहार मंडल की प्रेरणा पाकर अब साध्वियों के विहार में सेवा देने हेतु श्राविका वर्ग भी जुड़ने लगा हैं।



मंडल के प्रवक्ता दिलीप जैन एवं उप कैप्टन चेतन बागरेचा ने बताया कि विहार सेविकाओं ने खरत्तर गच्छ समुदाय की 3 साध्वी को विहार में सेवाएं प्रदान की। विहार सेवक विवेक सालेचा एवं भरत छाजेड़ ने बताया कि उमादेवी सालेचा, ममता धोका, संगीता पोरवाल एवं पायल धोका सहित चार श्राविकाओं ने साध्वियों के साथ पैदल चलते हुए न केवल रामपुरा से तिवरी तक 20 किलोमीटर की विहार सेवाएं दी बल्कि साध्वी दर्शनप्रभा को पैर में तकलीफ की वजह से उनको व्हीलचेयर में बैठाकर उनकी व्हीलचेयर को पूरे 20 किलोमीटर की दूरी तक चलाते हुए भी निष्ठा के साथ सेवाएं प्रदान की।

# जोधपुर में प्रिंटपैक राजस्थान आईपीएएमए की बैठक आयोजित

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** इंडियन प्रिंटिंग पैकेजिंग एंड अलाइड मशीनरी मनुफक्चरर्स अस्सोसिएशन (आईपीएएमए) के द्वारा लॉर्ड्स इन् जोधपुर में प्रिंटपैक राजस्थान प्रदर्शनी के संदर्भ में एक प्रमोशनल मीट एवं नेटवर्किंग डिनर का आयोजन किया गया।





कार्यक्रम में जोधपुर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में प्रिंटर्स एवं संबद्ध उद्योगों के स्वामी उपस्थित रहे। इस अवसर पर जैवीर सिंह, अध्यक्ष-आईपीएएमए; इकबाल सिंह, महासचिव आईपीएएमए; गुर प्रताप सिंह, चेयरमैन प्रिंटपैक राजस्थान, अमित पाल सिंह तथा गौरव महाजन उपस्थित रहे और उन्होंने प्रतिभागियों से संवाद किया।

अपने संबोधन में जैवीर सिंह ने जानकारी दी कि आगामी प्रिंटपैक राजस्थान प्रदर्शनी में160 से अधिक कंपनियाँअपनी लाइव मशीनों के साथ भाग लेंगी। देशभर से आगंतुक इस प्रदर्शनी को देखने आएंगे। यह प्रदर्शनी21 से 23 फरवरी 2026तकजयपुर एक्सहिबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी), सीतापुरा, जयपुर में आयोजित की जाएगी। इस प्रदर्शनी का उद्देश्य टियर-2 एवं टियर-3 शहरों की सूक्ष्म एवं लघु इकाइयों को प्रोत्साहन देना तथा उन्हें आधुनिक तकनीक और नवीन मशीनरी से जोड़ना है। कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को भारतीय प्रिंटिंग एवं पैकेजिंग उद्योग के हित में आईपीएएमए द्वारा संचालित विभिन्न गतिविधियों की जानकारी भी दी गई। उपस्थित सदस्यों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए आश्वासन दिया कि वे प्रदर्शनी में अवश्य भाग लेंगे और नवीनतम मशीनरी का अवलोकन कर अपने व्यवसाय के विकास हेतु नए अवसरों की तलाश करेंगे। यह प्रदर्शनी आईपीएएमए द्वाराराजस्थान ओफ़्सेट प्रिंटर्स एसोसिएशन (रोपा) तथाआल इंडिया फेडरेशन ऑफ़ प्रिंटर्स एंड पैकर्सके सहयोग से आयोजित की जा रही है।

## बजट प्रतिक्रिया


### रूखा सुखा, अपरिपक्व कागजी बजट



वित्तमंत्री द्वारा आज राजस्थान का रूखा सूखा, अपरिपक्व व कागजी बज़ट प्रस्तुत किया गया जिसमें प्रदेश के समग्र विकास और आमजन के जीवन को सुगम बनाने की कोई दृष्टि दिखाई नहीं देती। बजट को लुभावना दिखाने हेतु वित्तमंत्री ने पूर्व निर्धारित संयुक्त व नियमित वित्तीय प्रावधानों को छोटे छोटे टुकड़ों व नए नामों के कलेवर में लपेट कर राज्य को छलने का ही प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि बजट में गहलोत सरकार द्वारा राज्य में प्रारंभ की गयी सामाजिक कल्याण योजनाओं व विकास कार्यों को तेजी से पूरा करने की कोई इच्छा शक्ति दिखाई नहीं दी है। बजट में सरकारी विभागों में खाली पड़े हजारों पदों को भरने तथा बेरोजगारी से निपटने हेतु युवाओं के लिए न रोजगार की दृष्टि है और न ही किसान, मज़दूर व मध्यम वर्ग के लिए कोई राहत व प्रोत्साहन दिखाई देता है। बोराणा ने कहा कि वित्तमंत्री जो स्वंय कला संस्कृति मंत्री भी है ने बजट में प्रदेश की कला, संस्कृति साहित्य विधाओं के संरक्षण व उन्नयन हेतु किसी प्रकार के आवश्यक तथा प्रभावी प्रावधान न कर कलाकारों व रचनाकारों को निराश हताश किया है।

**-रमेश बोराणा, पूर्व राज्यमंत्री**

### खोदा पहाड़ निकली चुहिया



बजट को सिर्फ मदों को आगे बढ़ाने वाला प्रसंविदा मात्र बनाया है उन्होंने कहा कि राज्य की जनता को बजट से उम्मीद थी कि कुछ बड़ा होगा, किन्तु बजट में कोई नवीनता या नवाचार नहीं था। जनकल्याण और सामाजिक सुरक्षा से परे यह बजट उपयोगिता विहीन बजट है। सारस्वत ने कहा कि यह बजट खोदा पहाड़ निकली चुहिया की कहावत को चरितार्थ करने वाला बजट है।

**राजेश सारस्वत, कांग्रेस नेता**

### बजट प्रावधानों से जोधपुर की मण्डियों को मिलेगा लाभ



भजन लाल शर्मा सरकार के तीसरे बजट वित्त मंत्री दिया कुमारी अपने आत्मविश्वास से पूर्ण बजट में पहली बार किसी सरकार ने घुमंतू जातियों के बच्चों के लिए संवैधानिक सुख सुविधा के साथ पोर्टेबल शिक्षा लेब लाकर उन्हें समाज में बराबरी जीवन जीने के प्रशंसनीय कदम पर धन्यवाद दिया। लंबे समय की मांग रही मेजर शैतान सिंह कौशल प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना की घोषणा कर शहर को सौगात दी है मंडियों में मजदूर, किसानों, हमालो के सुख सुविधा के लिए टिन शेड रख रखाव के लिए 350 करोड़ का प्रावधान वाला बजट दिया है जिससे जोधपुर की जीरा मंडी मंडोर मण्डी, बासनी मण्डी को लाभ मिलेगा!

**महेंद्र मेघवाल, पूर्व चेयरमेन, जोधपुर कृषि उपज मण्डी**


### बजट मात्र घोषणाओं का पुलिंदा



बजट विभिन्न प्रकार की घोषणाओं का पुलिंदा मात्र है जमीनी हकीकत कुछ और ही है। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा जन हितार्थ मामलों को लेकर राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र लिखकर उन्होंने जोधपुर से जुड़ी हुई विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया जिसमें प्रमुख रूप से मंडोर जिला अस्पताल के नए भवन में उपकरण एवं स्टाफ, खेलों को प्राथमिकता देने हेतु प्रोत्साहन, जोधपुर के सुप्रसिद्ध सुमेर उद्यान का विकास और लाइब्रेरी का विस्तार मारवाड मेडिकल कॉलेज, सूचना केंद्र के नवीनीकरण ,पश्चिमी राजस्थान के सबसे बड़े अस्पताल मथुरादास माथुर में की गई पूर्व विकास योजनाओं के क्रियान्वन और उसके विस्तार के लिए जो राशि घोषित की गई थी उसे स्वीकृत कर इसे उच्च स्तरीय सेवाओं का केंद्र बनाने की अपील की गई थी लेकिन इन बातों पर सरकार के इस बजट में किसी प्रकार की कोई घोषणा नहीं की गई है।

**-ओमकार वर्मा, शहर जिलाध्यक्ष, कांग्रेस कमेटी जोधपुर**

### बजट श्रमिक विरोधी एवम पूंजीपतियों की पोषक



बजट में श्रमिक, युवा, आमजन, किसान वर्ग को निराशा मिली है बेरोजगार युवाओं व सविंदा कर्मचारियों के लिए हर बार की तरह घोषणा की गई पर उसका कोई रोडमेप नही हैं। विभिन्न विभागों में लाखो रिक्तिया खाली होने के बावजूद सरकार द्वारा उनको भरने के लिए बजट में कोई घोषणा न करके करोड़ो युवाओ को फिर से ठगने का कार्य किया जा रहा है। यह सरकार हर विभाग में निजीकरण करके पूंजीपतियों के लिए द्वार खोल रही है, कर्मचारी वर्ग को इस बजट से काफ़ी उम्मीदें थी लेकिन सरकार ने इस बजट में कोई विशेष प्रावधान नहीं किया है जिससे कर्मचारी वर्ग निराश है ।

**मण्डल दत्त जोशी, प्रांतीय उपाध्यक्ष**
**राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस राजस्थान इंटक**

### जोधपुर के विकास की उपेक्षा



पूर्ववर्ती गहलोत सरकार ने खेल-युवाओं को रोजगार, राजीव गांधी युवा मित्र, चिरंजीवी योजना जैसे क्रांतिकारी प्रावधान देने के साथ ही लाखों युवाओं को नौकरी व सम्मान दिया, लेकिन यह बजट उपेक्षा का दस्तावेज है। नौकरियां, शिक्षा-स्वास्थ्य व जोधपुर के विकास पर खामोशी बरती गई।

**शाहबाज़ जिन्दरान, अध्यक्ष, जोधपुर शहर विधानसभा युवा कांग्रेस**

## सम्पादकीय...

### बच्चा चोर का राष्ट्रीय नेटवर्क



देश भर में बच्चों के लापता होने के बढ़ते मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को केंद्र सरकार से यह पता लगाने को कहा है कि क्या इन घटनाओं के पीछे कोई देश व्यापी नेटवर्क काम कर रहा है या फिर यह अलग-अलग राज्यों में होने वाली बिखरी हुई घटनाएं हैं। अदालत ने केंद्र को निर्देश दिया है कि वह सभी राज्यों से आंकड़े एकत्र कर उनका विश्लेषण करें, केंद्र सरकार की ओर से पेश एडवोकेट ने अदालत को बताया कि कुछ राज्यों ने लापता बच्चों और अभियोजन से जुड़े आंकड़े सौंप दिए हैं लेकिन अभी भी एक दर्जन राज्यों ने अब तक डाटा उपलब्ध नहीं कराया है उन्होंने कहा कि जब तक सभी राज्यों से पूरी जानकारी नहीं मिलती तब तक किसी ठोस नतीजे पर पहुंचा जा सकता है।

बच्चों की गुमशुदगी के बढ़ते मामलों के पीछे अलग-अलग सोच है एक लाइन यह है कि इन बच्चों को भीख मांगने के लिए उठाया जाता है फिर अपंग करके उनसे भीख मंगाई जाती है। एक सच यह है कि मानव तस्करी के रूप में गुमशुदा बच्चों को इधर-उधर किया जाता है एक सोच यह है कि बच्चे खुद घर से भाग रहे हैं जबकि एक सच यह है कि इन बच्चों को सोने तरीके से उठाकर उनके अंग निकाल उनका बड़ा व्यापार चल रहा है। सुप्रीम कोर्ट का अपनी फैसले के पीछे यही सोच रहा है कि आखिर यह सारा काम सुनियोजित तरीके से तो नहीं हो रहा है।

मौजूदा समय में लापता हुए बच्चे की बरामदगी आसान है क्योंकि सोशल मीडिया पर पूरा नेटवर्क चलता है पुलिस के पास पूरा डाटा और फोटो रहते हैं संदेहस्पद दिखने वाले बच्चों को तुरंत पूछताछ के लिए बुलाया जाता है और समाज में जागरूकता भी आ गई है कि बच्चों का शोषण होते कोई नहीं देखना चाहता। मजेदार बात तो यह है कि इतने बच्चे लापता होते हैं वह जाते कहां है उन्हें जमीन निकल जाती है या आसमान उड़ा ले जाता है। किसी राज्य से निकला बच्चा देश के किसी हिस्से में तो मिलना चाहिए। यदि नहीं मिल रहा है तो इसका मतलब कुछ बड़ा मामला है सरकार को इसके लिए बड़े कदम उठाने चाहिए एक सुझाव यह भी है कि इनका राष्ट्रीय स्तर पर पोर्टल बने ताकि फोटो नाम पते के आधार पर बच्चों को तत्काल ढूंढा जा सके।

*वैभव लोढ़ा...*

## इतिहास में आज

2013: उत्तर कोरिया ने तीसरा भूमिगत परमाणु परीक्षण किया।
2009: भारत के वैज्ञानिकों ने विश्व का पहला भैंस क्लोन विकसित किया।
1999: बिहार में राष्ट्रपति शासन लागू।
1975: भारत ने खुद को चेचक मुक्त घोषित किया।
1928: गांधी जी ने बारदोली में सत्याग्रह की घोषणा की।

*-धर्म चंद मेहता*

## क्रॉस फायर

❑लोक सभा स्पीकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस पेश।
◆पास हो या ना हो पर गलत पेश नहीं किया।
❑अविश्वास प्रस्ताव पर बहस तक ओम बिरला लोकसभा में नहीं जाएंगे।
◆जाएंगे तो किस मुंह से जाएंगे।
❑पेंगुइन का दावा भारत के सेनाध्यक्ष नरवडे की किताब पब्लिश नहीं हुई।
◆फिर भगवान ने छाप कर भेज दी क्या।
❑राहुल गांधी बोले या तो किताब छापने वाली कंपनी झूठ बोल रही है या सेनाध्यक्ष नरवणे।
◆झूठ को मानेगा कौन।
❑ए आई और डीपफेक पर सरकार का बड़ा एक्शन, नए नियम बनाए।
◆रोक सके तो जाने।
❑रूस के विदेश मंत्री बोले भारत पर हमसे तेल नहीं खरीदने का भारी दबाव।
◆दुख की बात तो यह भारत दबाव में आ गया।
❑प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने भाजपा के बजट को आंकड़ों का मायाजाल बताया।
◆जनता भी समझती है मूर्ख बना रहे हैं।
❑राज्य बजट आज विकसित राजस्थान के संकल्प को लेकर होगी कई बड़ी घोषणाएं।
◆मतलब झुनझुना खूब बजेगा।

.............अंजू लोढ़ा

# डिजिटल क्रांति पर साइबर प्रहार गंभीर चुनौती



ललित गर्ग

**डिजिटल युग ने भारत की अर्थव्यवस्था और सामाजिक जीवन को अभूतपूर्व गति प्रदान की है। मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, ई-कॉमर्स और ऑनलाइन सेवाओं ने लेन-देन को सरल, त्वरित और पारदर्शी बनाया है। आज एक सामान्य नागरिक भी कुछ सेकंड में देश के किसी भी कोने में धन भेज सकता है, बिल जमा कर सकता है या निवेश कर सकता है। यही डिजिटल क्रांति 'नए भारत' और 'विकसित भारत' की आधारशिला मानी जा रही है।**

किंतु इसी क्रांति के साथ एक गहरी विडंबना भी उभरकर सामने आई है-डिजिटल धोखाधड़ी और साइबर लूट की भयावह बढ़ोतरी। हजारों करोड़ रुपये की ऑनलाइन ठगी की घटनाएँ न केवल आमजन को आर्थिक रूप से आहत कर रही हैं, बल्कि देश की आर्थिक सुरक्षा और वित्तीय प्रणाली की विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लगा रही हैं। डिजिटल व्यवस्था की मूल आत्मा 'विश्वास' है। जब कोई व्यक्ति मोबाइल स्क्रीन पर उभरे एक क्यूआर कोड को स्कैन करता है या किसी लिंक पर क्लिक करता है, तो वह केवल तकनीक पर ही नहीं, बल्कि उस संपूर्ण तंत्र पर भरोसा करता है जो उसे सुरक्षित लेन-देन का आश्वासन देता है। किंतु जब यही विश्वास ठगी, फर्जी कॉल, फिशिंग, निवेश घोटालों और पहचान चोरी के कारण टूटने लगता है, तब डिजिटल विकास की पूरी अवधारणा कमजोर पड़ने लगती है। यदि बैंकिंग व्यवस्था में नकली नोटों की भरमार हो जाए तो मुद्रा पर विश्वास डगमगा जाता है, उसी प्रकार यदि डिजिटल लेन-देन में ठगी सामान्य अनुभव बन जाए, तो नागरिक डिजिटल माध्यमों से दूरी बनाने लगते हैं। यह स्थिति केवल व्यक्तिगत हानि का प्रश्न नहीं, बल्कि राष्ट्रीय आर्थिक ढांचे के लिए भी खतरे की घंटी है। परंपरागत अपराधों और डिजिटल अपराधों की तुलना करें तो दोनों के स्वरूप और प्रभाव में महत्वपूर्ण अंतर दिखाई देता है। पहले चोरी या डकैती किसी सीमित भौगोलिक क्षेत्र तक सीमित होती थी, अपराधी की पहचान अपेक्षाकृत स्पष्ट होती थी और जांच प्रक्रिया स्थानीय स्तर पर संचालित होती थी। डिजिटल अपराधों में अपराधी अदृश्य है, वह किसी दूसरे राज्य या देश में बैठकर वारदात कर सकता है, और कुछ मिनटों में सैकड़ों लोगों को निशाना बना सकता है। पारंपरिक अपराध में जोखिम अपराधी के लिए अधिक था, डिजिटल अपराध में जोखिम कम और लाभ अधिक है। यही असंतुलन इसे अत्यंत खतरनाक बनाता है। एक अन्य तुलनात्मक पक्ष यह है कि डिजिटल अपराधों में पीड़ित की मनोवैज्ञानिक स्थिति भी अलग होती है। ठगी का शिकार व्यक्ति स्वयं को अपराधी के सामने असहाय पाता है। पुलिस और साइबर क्राइम कार्यालयों के चक्कर लगाने के बाद भी जब उसे तकनीकी कारणों का हवाला देकर लौटा दिया जाता है, तो उसके भीतर व्यवस्था के प्रति गहरा अविश्वास जन्म लेता है। कई मामलों में यह देखा गया है कि शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया जटिल है, समुचित मार्गदर्शन नहीं मिलता, और समय पर कार्रवाई न होने से धन की रिकवरी असंभव हो जाती है। इससे यह धारणा बनती है कि डिजिटल अपराध का कोई वास्तविक दंड नहीं है। सरकार और न्यायपालिका ने समय-समय पर इस समस्या की गंभीरता को स्वीकार किया है। शीर्ष अदालत द्वारा ऑनलाइन धोखाधड़ी को आर्थिक सुरक्षा से जोड़कर देखना इस बात का संकेत है कि यह केवल व्यक्तिगत अपराध नहीं, बल्कि संगठित आर्थिक आक्रमण भी हो सकता है। किंतु नीति-निर्माण और क्रियान्वयन के बीच की दूरी अभी भी बनी हुई है। अनेक प्लेटफार्म और हेल्पलाइन स्थापित किए गए हैं, परंतु उनकी कार्यप्रणाली में त्वरित प्रतिक्रिया, पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की कमी स्पष्ट दिखती है। यदि शिकायत के बाद प्रारंभिक 'गोल्डन ऑवर' में ही बैंक खाते फ्रीज करने और ट्रांजैक्शन ट्रैक करने की प्रभावी व्यवस्था न हो, तो बाद की प्रक्रिया औपचारिकता बनकर रह जाती है। वित्तीय प्रणाली की दृष्टि से देखें तो डिजिटल धोखाधड़ी का बढ़ना निवेश, उपभोग और बैंकिंग व्यवहार पर भी प्रतिकूल प्रभाव डालता है। यदि आमजन को यह आशंका सताने लगे कि ऑनलाइन निवेश योजनाएँ या भुगतान सुरक्षित नहीं हैं, तो वह नकद लेन-देन की ओर लौट सकता है। यह प्रवृत्ति सरकार की कैशलेस अर्थव्यवस्था की नीति को कमजोर करेगी। इसके अतिरिक्त, विदेशी निवेशकों के लिए भी यह संकेत नकारात्मक हो सकता है कि साइबर सुरक्षा का ढांचा पर्याप्त सुदृढ़ नहीं है। अतः यह केवल कानून-व्यवस्था का विषय नहीं, बल्कि आर्थिक नीति का भी केंद्रीय प्रश्न है। समाधान के स्तर पर तुलनात्मक रूप से देखें तो विकसित देशों ने साइबर सुरक्षा को राष्ट्रीय सुरक्षा के दायरे में रखा है। वहाँ विशेषीकृत एजेंसियाँ, उच्च प्रशिक्षित तकनीकी विशेषज्ञ, त्वरित डेटा साझा करने की प्रणाली और सख्त दंडात्मक प्रावधान हैं। भारत में भी साइबर क्राइम ब्यूरो और डिजिटल सुरक्षा तंत्र मौजूद हैं, परंतु उनकी क्षमता, संसाधन और प्रशिक्षण को और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है। स्थानीय पुलिस बल को केवल पारंपरिक अपराधों की नहीं, बल्कि डिजिटल फॉरेंसिक, ब्लॉकचेन ट्रैकिंग और डेटा विश्लेषण की भी विशेषज्ञता दी जानी चाहिए। जब तक जांच एजेंसियाँ तकनीकी रूप से अपराधियों से एक कदम आगे नहीं होंगी, तब तक रोकथाम कठिन रहेगी। एक महत्वपूर्ण पक्ष नागरिक जागरूकता का भी है। तकनीक जितनी उन्नत होती है, अपराधी भी उतने ही नए तरीके अपनाते हैं। अतः केवल सरकारी तंत्र पर निर्भर रहना पर्याप्त नहीं है। विद्यालयों, महाविद्यालयों और सामाजिक संगठनों के माध्यम से डिजिटल साक्षरता अभियान चलाना आवश्यक है, ताकि लोग संदिग्ध लिंक, कॉल और निवेश प्रस्तावों से सावधान रहें। किंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि जागरूकता का दायित्व पीड़ित पर डालकर व्यवस्था अपनी जिम्मेदारी से मुक्त नहीं हो सकती।

सुरक्षा का मूल दायित्व तंत्र का है, नागरिक का नहीं। भ्रष्टाचार और लापरवाही भी इस समस्या को जटिल बनाते हैं। यदि बैंक या भुगतान प्लेटफार्म समय पर कार्रवाई नहीं करते, या आंतरिक मिलीभगत से फर्जी खाते संचालित होते हैं, तो यह केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि संस्थागत विफलता है। इसलिए पारदर्शी ऑडिट प्रणाली, जवाबदेही और कठोर दंड अनिवार्य हैं। डिजिटल प्लेटफार्मों की केवाईसी प्रक्रिया को अधिक कठोर और वास्तविक बनाना होगा, ताकि फर्जी पहचान के माध्यम से खाते खोलना कठिन हो। अंततः डिजिटल क्रांति का उद्देश्य सुविधा, पारदर्शिता और समृद्धि है। यदि यही क्रांति भय, असुरक्षा और अविश्वास का कारण बनने लगे, तो उसका नैतिक औचित्य कमजोर पड़ जाएगा। भारत जैसे विशाल देश में डिजिटल परिवर्तन को रोकना संभव नहीं, और न ही यह वांछनीय है। किंतु इसे सुरक्षित और विश्वसनीय बनाना अनिवार्य है। सरकार को नीति, तकनीक और प्रशासन-तीनों स्तरों पर समन्वित रणनीति अपनानी होगी। साइबर अपराध के विरुद्ध त्वरित कार्रवाई, पीड़ितों को समयबद्ध राहत, जांच एजेंसियों का सशक्तीकरण और वित्तीय संस्थानों की जवाबदेही-ये सब मिलकर ही धोखाधड़ी मुक्त डिजिटल परिवेश का निर्माण कर सकते हैं।

# योगी के बजट से 2027 की बिसात, आंकड़ों के सहारे सियासी दांव



अजय कुमार

**उत्तर प्रदेश सरकार का 2026-27 का बजट केवल अगले वित्त वर्ष की आय-व्यय योजना नहीं है, बल्कि इसे 2027 के विधानसभा चुनाव की सबसे ठोस राजनीतिक पटकथा के रूप में देखा जा रहा है। 9 लाख 12 हजार 696 करोड़ रुपये के इस बजट के जरिए सरकार ने यह साफ संकेत दिया है कि वह चुनाव से पहले विकास, सुरक्षा और कल्याण तीनों मोर्चों पर अपने दावों को आंकड़ों के साथ जमीन पर उतारकर पेश करना चाहती है।**

पिछले बजट के मुकाबले करीब 12.9 प्रतिशत बढ़े इस आकार को सत्ता पक्ष 'विश्वास का बजट' बता रहा है, जबकि इसके भीतर छिपा राजनीतिक संदेश यह है कि सरकार न तो संसाधनों की कमी से जूझ रही है और न ही चुनाव से पहले खर्च बढ़ाने से पीछे हट रही है। सरकार ने सबसे पहले प्रदेश की अर्थव्यवस्था को अपने मजबूत पक्ष के रूप में सामने रखा है। 2024-25 के त्वरित अनुमान के अनुसार 30.25 लाख करोड़ रुपये की जीएसडीपी और 13.4 प्रतिशत की वृद्धि दर यह दिखाने की कोशिश है कि उत्तर प्रदेश अब केवल जनसंख्या वाला राज्य नहीं, बल्कि तेज़ी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला प्रदेश बन चुका है। 2016-17 में जहां जीएसडीपी करीब 12.75 लाख करोड़ रुपये थी, वहीं आठ-नौ वर्षों में इसके ढाई गुना से अधिक होने को सरकार स्थिर शासन और निवेश के अनुकूल माहौल का नतीजा बता रही है। 2027 के चुनाव में यह आंकड़ा खासतौर पर शहरी मतदाताओं, कारोबारियों और निवेश से जुड़े वर्गों के सामने रखा जाएगा, ताकि यह संदेश जाए कि सत्ता में बदलाव विकास की रफ्तार को रोक सकता है। प्रति व्यक्ति आय को लेकर दिए गए आंकड़े भी इसी राजनीतिक रणनीति का हिस्सा हैं। 2016-17 में 54,564 रुपये रही प्रति व्यक्ति आय के 2024-25 में बढ़कर 1,09,844 रुपये होने और 2025-26 में इसके 1,20,000 रुपये तक पहुंचने के अनुमान को सरकार आम आदमी की जिंदगी से जोड़कर पेश कर रही है। यह संदेश खास तौर पर मध्यम वर्ग और निम्न मध्यम वर्ग के लिए है, जो महंगाई, बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य खर्च को लेकर सबसे ज्यादा चिंतित रहता है। सरकार का दावा है कि आय बढ़ने का मतलब सिर्फ आंकड़ों में सुधार नहीं, बल्कि उपभोग और जीवन स्तर में बदलाव है। गरीबी के मोर्चे पर 6 करोड़ लोगों को बहुआयामी गरीबी से बाहर निकालने का दावा 2027 के लिहाज से सबसे बड़ा सामाजिक कार्ड माना जा रहा है। मुफ्त राशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला गैस कनेक्शन, आयुष्मान भारत कार्ड, शौचालय और बिजली कनेक्शन जैसी योजनाओं से जुड़े करोड़ों लाभार्थियों को एक साथ रखकर सरकार यह दिखाना चाहती है कि गरीब सिर्फ योजनाओं का नाम नहीं, बल्कि सत्ता की राजनीति का केंद्र है। चुनावी रणनीति में यह वर्ग इसलिए अहम है क्योंकि यह सीधे सरकार से जुड़ाव महसूस करता है और उसके फैसले अक्सर स्थिर रहते हैं। रोजगार को लेकर बजट में पेश किए गए आंकड़े विपक्ष के सबसे मजबूत मुद्दे का जवाब माने जा रहे हैं। बेरोजगारी दर 2.24 प्रतिशत बताकर सरकार यह दावा कर रही है कि प्रदेश में रोजगार की स्थिति राष्ट्रीय औसत से बेहतर है। पुलिस विभाग में 2017 से अब तक 2 लाख 19 हजार से अधिक भर्तियां, 1 लाख 58 हजार पदोन्नतियां, 60 हजार से ज्यादा प्रशिक्षणाधीन जवान और 83 हजार से अधिक पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया को एक साथ जोड़कर सरकार यह दिखाना चाहती है कि सरकारी नौकरियां सिर्फ घोषणाओं तक सीमित नहीं रहीं। शिक्षा क्षेत्र में 34 हजार से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति भी इसी दिशा में रखा गया कदम है, क्योंकि शिक्षक समुदाय ग्रामीण और कस्बाई राजनीति में राय बनाने की अहम भूमिका निभाता है। युवाओं के लिए स्वरोजगार को बढ़ावा देने की रणनीति भी बजट में साफ दिखती है। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के तहत बिना गारंटी और बिना ब्याज ऋण देकर हर साल 1 लाख सूक्ष्म उद्यम स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसका राजनीतिक मतलब यह है कि सरकार उन युवाओं को भी साधना चाहती है, जिन्हें सरकारी नौकरी की सीमित सीटों से निराशा हुई है।

अगर यह योजना आंशिक रूप से भी सफल होती है, तो 2027 तक लाखों परिवार सीधे इससे जुड़ सकते हैं। कृषि क्षेत्र के आंकड़े ग्रामीण राजनीति को ध्यान में रखकर चुने गए हैं। 3 लाख 4 हजार करोड़ रुपये से अधिक का रिकॉर्ड गन्ना मूल्य भुगतान पश्चिमी उत्तर प्रदेश और तराई क्षेत्र में सरकार का सबसे मजबूत चुनावी हथियार माना जा रहा है। गन्ना मूल्य में 30 रुपये प्रति क्विंटल की बढ़ोतरी से करीब 3000 करोड़ रुपये के अतिरिक्त लाभ का दावा किसानों को यह याद दिलाने के लिए है कि भुगतान सीधे खाते में पहुंचा है। गेहूं, धान और मोटे अनाज की लाखों मीट्रिक टन खरीद और हजारों करोड़ रुपये के भुगतान के आंकड़े न्यूनतम समर्थन मूल्य को लेकर सरकार की प्रतिबद्धता दिखाने की कोशिश हैं। नलकूपों के लिए मुफ्त बिजली की व्यवस्था ग्रामीण मतदाताओं के लिए सीधा संदेश है कि सिंचाई लागत सरकार उठाने को तैयार है। महिलाओं को लेकर बजट में दिए गए आंकड़े 2022 के चुनावी अनुभव से निकले हुए माने जा रहे हैं, जहां महिला मतदाताओं का झुकाव निर्णायक साबित हुआ था। मुख्यमंत्री सुमंगला योजना के तहत 26.81 लाख बालिकाओं को लाभ, सेफ सिटी परियोजना, महिला पुलिस बीट, सीसीटीवी नेटवर्क और वर्किंग वूमेन हॉस्टल जैसे प्रावधान यह दिखाते हैं कि सरकार महिला सुरक्षा और सम्मान को केवल कानून-व्यवस्था नहीं, बल्कि सामाजिक मुद्दा मानती है। महिला मतदाता भावनात्मक और व्यावहारिक दोनों आधारों पर निर्णय करती हैं, और बजट में यह संदेश उसी दिशा में जाता है। कानून-व्यवस्था से जुड़े आंकड़े भी 2027 की चुनावी कहानी का अहम हिस्सा हैं।

डकैती, लूट, हत्या और अपहरण जैसे अपराधों में 40 से 80 प्रतिशत तक कमी के दावे के जरिए सरकार यह स्थापित करना चाहती है कि उत्तर प्रदेश अब पहले जैसा असुरक्षित नहीं है। पुलिस भवनों, आवास और संसाधनों पर हजारों करोड़ रुपये के प्रावधान यह संकेत देते हैं कि सुरक्षा ढांचे को और मजबूत किया जाएगा। यह संदेश शहरी मतदाताओं, व्यापारियों और महिलाओं के लिए खास तौर पर अहम है। कुल मिलाकर 2026-27 का बजट एक ऐसा दस्तावेज बनकर सामने आया है, जिसमें हर बड़ा आंकड़ा 2027 के मतदाता को ध्यान में रखकर चुना गया है। विकास, कल्याण, सुरक्षा और पहचान चारों को जोड़कर सरकार ने यह दिखाने की कोशिश की है कि सत्ता की निरंतरता ही स्थिरता की गारंटी है। आने वाले महीनों में यही बजट गांव-गांव, शहर-शहर होने वाली राजनीतिक बहसों का आधार बनेगा, जहां सरकार इन आंकड़ों के सहारे भरोसा मांगेगी और विपक्ष इन्हीं आंकड़ों को चुनौती देने की कोशिश करेगा।

## आज का राशिफल

### गुरूवार 12 फरवरी, 2026

**मेष राशि**: कार्यस्थल पर आप शानदार प्रदर्शन करेंगे और उत्साह के साथ काम करेंगे। यदि आप परीक्षा या प्रतियोगिता के माध्यम से नौकरी की तलाश कर रहे हैं, तो आप सफल होंगे।

**वृषभ राशि**: आज आप कई कार्यों में व्यस्त रहेंगे। यदि व्यवसाय या नौकरी की तलाश में हैं तो आप सफल रहेंगे। नौकरीपेशा जातकों के लिए पदोन्नति या प्रगति के प्रबल संकेत हैं।

**मिथुन राशि**: रचनात्मक क्षेत्रों से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन अत्यंत शुभ है। लेखन, साहित्य, कला, संगीत, सिनेमा या खेल से जुड़े लोगों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कुछ अतिरिक्त प्रयास द्वारा पुराने ऋण प्राप्त हो सकते हैं।

**कर्क राशि**: आर्थिक रूप से दिन शुभ है। आप आय का एक अतिरिक्त स्रोत विकसित कर सकते हैं। भाग्य आपका साथ देगा और आप कठिन कार्यों को पूरा कर पाएंगे। प्रतिद्वंद्वी आपको नुकसान नहीं पहुंचा पाएंगे।

**सिंह राशि**: बौद्धिक गतिविधियों के लिए यह एक अच्छा दिन है। आप सभी क्षेत्रों में अच्छी प्रगति करेंगे। इच्छित काम भी पूरा हो सकता है। परीक्षा में बैठने वाले छात्रों को वांछित परिणाम मिलेंगे।

**कन्या राशि**: आज परिणाम आपकी उम्मीदों पर खरे नहीं उतरेंगे। आप अनावश्यक काम में शामिल होंगे और कठिनाइयों का सामना भी करेंगे।

**तुला राशि**: कार्यस्थल पर किए गए प्रयास आपको सकारात्मक परिणाम देंगे। मेहनती जातकों के लिए नौकरी में पदोन्नति और व्यवसाय में प्रगति संभव है।

**वृश्चिक राशि**: आपको जीवन में आगे बढ़ने के अवसर मिलेंगे। यदि आप उनमें से अधिकांश का लाभ नहीं उठा पाते हैं, तो आप सदैव के लिए वह अवसर खो देंगें।

**धनु राशि**: आज का दिन खुशियां लेकर आएगा और आपको जोश से भर देगा। आप अपनी सकारात्मक सोच के साथ स्थितियों को नियंत्रित करने में सक्षम होंगे। आर्थिक रूप से आप अधिक सुरक्षित रहेंगे।

**मकर राशि**: आर्थिक रूप से यह दिन बहुत अच्छा रहेगा। प्रॉपर्टी, वाहन आदि में निवेश करने के लिए अच्छा समय है। आपके करियर में कुछ बदलाव होंगे और यह फायदेमंद भी साबित होंगें।

**कुम्भ राशि**: आज भाग्य आपका साथ देगा। कठिनाइयां समाप्त होंगी और रुके हुए कार्य गतिशील होंगे। वित्तीय मामलों में आपके लिए व्यवस्थित काम करना फायदेमंद और लाभकारी होगा।

**मीन राशि**: आज परिणाम आपके पक्ष में होंगे। काम में कुछ उतार-चढ़ाव हो सकता है। अपने छिपे हुए दुश्मनों से सावधान रहें, जो आपको नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर सकते हैं।



राजेन्द्र गुप्ता
ज्योतिषी और हस्तरेखाविद, मो. 9611312076

**नोट**- अगर आप अपना भविष्य जानना चाहते हैं तो दिए गए मोबाइल नंबर पर कॉल करके या इसी व्हाट्स एप नम्बर पर मैसेज भेजकर पहले शर्तें जान लेवें, इसी के बाद अपनी बर्थ डिटेल और हैंडप्रिंट्स भेजें।

# महान चिंतक, समाज-सुधारक और देशभक्त स्वामी दयानन्द सरस्वती



बाल मुकुन्द ओझा

उन्नीसवीं शताब्दी के महान समाज-सुधारकों में स्वामी दयानंद सरस्वती का नाम अत्यंत श्रध्दा के साथ लिया जाता है। स्वामी दयानंद सरस्वती आर्य समाज के संस्थापक, महान चिंतक, समाज-सुधारक और देशभक्त थे। स्वामी जी का जन्म 12 फरवरी 1824 को हुआ। जिस समय भारत में चारों ओर पाखंड और मूर्ति -पूजा का बोल-बाला था। स्वामी जी ने इसके खिलाफ आवाज उठाई। उन्होंने भारत में फैली कुरीतियों को दूर करने के लिए 1876 में हरिव्दार के कुंभ मेले के अवसर पर पाखण्डखंडिनी पताका फहराकर पोंगा-पंथियों को चुनौती दी। उन्होंने फिर से वेद की महिमा की स्थापना की। उन्होंने एक ऐसे समाज की स्थापना की जिसके विचार सुधारवादी और प्रगतिशील थे। हिंदू पंचांग के अनुसार, स्वामी दयानंद सरवती का जन्म फाल्गुन मास के कृष्ण पक्ष की दशमी तिथि को होता है। स्वामी जी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में दयानंद सरस्वती जयंती मनाई जाती है। उन्होंने अपने समय में समाज में फैली बाल विवाह, सती प्रथा जैसी सामाजिक बुराइयों के प्रति न केवल समाज को जागरूक किया बल्कि इन्हें दूर करने में भी काफी योगदान दिया। अपने परिवार से प्रारंभिक शिक्षा लेने के बाद, वह एक महान वैदिक विद्वान के रूप में उभरे। उन्होंने सांसारिक जीवन को त्याग दिया और ज्ञान और सत्य की खोज में भारत के एक हिस्से से दूसरे हिस्से में चले गए। स्वामी दयानंद अपना सर्वस्व जीवन राष्ट्रहित के उत्थान, समाज में प्रचलित अंधविश्वासों और कुरीतियों को दूर करने के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने अपनी ओजस्वी विचारों से समाज में नव चेतना का संचार जागृत किया। उन्होंने वेदों को सर्वोच्च माना और वेदों का प्रमाण देते हुए समाज में फैली कुरीतियों का विरोध किया। उन्होंने सन् 1874 में अपने कालजयी ग्रन्थ 'सत्यार्थ-प्रकाश' की रचना की। वर्ष 1908 में इस ग्रन्थ का अंग्रेजी अनुवाद भी प्रकाशित किया गया। इसके अलावा उन्होंने कुल मिलाकर उन्होंने 60 पुस्तकें, 14 संग्रह, 6 वेदांग, अष्टाध्यायी टीका, अनके लेख लिखे जिनमें 'ऋग्वेदादि भाष्य भूमिका', 'संस्कार-विधि', आर्याभिविनय आदि अनेक विशिष्ट ग्रन्थों की रचना की। अपने 59 वर्ष के जीवन में महर्षि दयानन्द सरस्वती जी ने राष्ट्र में व्याप्त बुराइयों के खिलाफ लोगो को जगाया और अपने ज्ञान प्रकाश को देश में फैलाया। उन्होंने अपने कार्यो से समाज को नयी दिशा एवं उर्जा दी। महात्मा गाँधी जैसे कई महापुरुष स्वामी दयानन्द सरस्वती के विचारों से प्रभावित थे। धर्म सुधार हेतु अग्रणी रहे दयानंद सरस्वती ने 1875 में मुंबई में आर्य समाज की स्थापना की थी। वेदों का प्रचार करने के लिए उन्होंने पूरे देश का दौरा करके पंडित और विद्वानों को वेदों की महत्ता के बारे में समझाया। दयानंद सरस्वती जी ने अंग्रेजों के खिलाफ भी कई अभियान चलाए। जिससे अँग्रेजी सरकार स्वामी दयानंद से बुरी तरह तिलमिला गयी और स्वामीजी से छुटकारा पाने के लिए, उन्हें समाप्त करने के लिए तरह-तरह के षड्यंत्र रचे। 1857 की क्रांति में भी स्वामी जी ने अपना अमूल्य योगदान दिया अंग्रेजी हुकूमत से जमकर लोहा लिया, स्वामी दयानंद सरस्वती वैदिक धर्म में विश्वास रखते थे उन्होंने राष्ट्र में व्याप्त कुरीतियों एवम अन्धविश्वासो का सदैव विरोध किया । उन्होंने ही सबसे पहले वर्ष 1876 में 'स्वराज' का नारा दिया जिसे बाद में लोकमान्य बालगंगाधर तिलक जी ने आगे बढ़ाया। दयानन्द सरस्वती जी ने विधवा नारियों के पुनर्विवाह के लिये अपना मत दिया और लोगो को इस ओर जागरूक किया। स्वामी जी ने सदैव नारी शक्ति का समर्थन किया उनका मानना था कि नारी शिक्षा ही समाज का विकास हैं। पति के साथ पत्नी को भी उसकी मृत्यु शैया पर अग्नि को समर्पित कर सती करने की अमानवीय सतीप्रथा का भी उन्होने विरोध किया। उन्होंने नारी को समाज का आधार कहा और कहा उनका शिक्षित होना जरुरी हैं। स्वामी दयानंद सरस्वती ने अपने विचारों के प्रचार के लिए हिन्दी भाषा को अपनाया। उनकी सभी रचनाएं और सर्वाधिक महत्त्वपूर्ण ग्रंथ सत्यार्थ प्रकाश' मूल रूप में हिन्दी भाषा में लिखा गया।

# जनरल नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा और दिल्ली पुलिस की जांच

- महेन्द्र तिवारी

दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल मनोज मुकुंद नरवणे की अप्रकाशित आत्मकथा फोर स्टार्स ऑफ डेस्टिनी की पीडीएफ कॉपी के सोशल मीडिया और मैसेजिंग प्लेटफॉर्म्स पर प्रसार को लेकर औपचारिक जांच शुरू कर दी है। यह मामला किसी अपराध या घोटाले से जुड़ा नहीं, बल्कि एक ऐसी आत्मकथा से संबंधित है जो अभी औपचारिक रूप से प्रकाशित भी नहीं हुई और फिर भी व्यापक रूप से पढ़ी जा रही है।

पूर्व थलसेना प्रमुख जनरल नरवणे द्वारा लिखी गई इस पुस्तक की डिजिटल प्रति अचानक विभिन्न संदेश माध्यमों और सामाजिक मंचों पर फैल गई। देखते ही देखते यह रचना केवल सैन्य इतिहास की किताब न रहकर राष्ट्रीय बहस का विषय बन गई। प्रश्न यह नहीं रह गया कि पुस्तक लीक कैसे हुई, बल्कि यह बन गया कि वह अब तक प्रकाशित क्यों नहीं हो सकी। यह आत्मकथा चार दशकों से अधिक लंबे सैन्य जीवन का विवरण देती है। एक युवा अधिकारी के रूप में सीमावर्ती क्षेत्रों में तैनाती से लेकर देश की थलसेना के सर्वोच्च पद तक की यात्रा इसमें दर्ज है। इसमें पूर्वी सीमा पर हुए टकराव, पश्चिमी मोर्चे पर तनाव, पड़ोसी देशों के साथ संघर्षविराम, और एक भीषण वैश्विक महामारी के दौरान सेना की भूमिका जैसे प्रसंग शामिल हैं। ऐसे समय में जब देश का सैन्य इतिहास अक्सर आधिकारिक वक्तव्यों और संक्षिप्त प्रेस विज्ञप्तियों तक सीमित रह जाता है, यह पुस्तक घटनाओं के भीतर झांकने का अवसर देती है। शायद यही कारण है कि इसकी प्रतीक्षा लंबे समय से की जा रही थी। प्रकाशन की प्रक्रिया सामान्य नहीं रही। पुस्तक के प्रकाशन की घोषणा पहले ही हो चुकी थी, अग्रिम आदेश भी लिए गए, परंतु अचानक सब कुछ रोक दिया गया। पाठकों को धन वापस कर दिया गया और कहा गया कि आवश्यक स्वीकृतियां लंबित हैं। पूर्व सैन्य अधिकारियों द्वारा लिखी जाने वाली स्मृतियों के लिए रक्षा मंत्रालय की पूर्व अनुमति आवश्यक होती है, यह कोई नई बात नहीं है। परंतु जब सूचना के अधिकार के अंतर्गत प्राप्त आंकड़ों से यह सामने आया कि उसी अवधि में दर्जनों अन्य पुस्तकों को अनुमति मिल चुकी है और केवल यही एक रचना अटकी हुई है, तो संदेह स्वाभाविक हो जाता है। लेखक स्वयं कई अवसरों पर स्पष्ट कर चुके हैं कि उन्होंने अपना कार्य पूरा कर दिया था और उसे प्रकाशक को सौंप दिया था। अनुमति प्राप्त करना उनका दायित्व नहीं था। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि पुस्तक की सामग्री उनकी अपनी लिखी हुई है और उसमें किसी प्रकार की असत्य जानकारी नहीं है। यही नहीं, पुस्तक के मसौदे को पहले ही कई वरिष्ठ रक्षा विशेषज्ञों और पूर्व अधिकारियों ने पढ़ा था और उसकी सराहना भी की थी। इन प्रतिक्रियाओं से यह संकेत मिलता है कि सामग्री न तो मनगढ़ंत है और न ही हल्की। इसके बावजूद पुस्तक पर चुप्पी बनी रही। इस बीच कुछ समाचार माध्यमों ने इसके अंशों के आधार पर लेख प्रकाशित किए। उन लेखों में सीमा पर हुए संकटों के दौरान लिए गए राजनीतिक और सैन्य निर्णयों का उल्लेख था। संसद में जब इन संदर्भों का उपयोग करने की कोशिश की गई तो भारी हंगामा हुआ और चर्चा रोक दी गई। इसके तुरंत बाद वही डिजिटल प्रति, जिसे अब तक केवल सीमित लोगों ने देखा था, व्यापक रूप से फैलने लगी। यह एक अजीब स्थिति थी, जिसमें एक पुस्तक आधिकारिक रूप से अस्तित्वहीन मानी जा रही थी, परंतु वास्तविकता में हजारों पाठकों तक पहुंच चुकी थी। अब जांच का केंद्र यह है कि इस अनधिकृत प्रसार के लिए कौन जिम्मेदार है। कानून की दृष्टि से यह कॉपीराइट का उल्लंघन हो सकता है, क्योंकि अप्रकाशित सामग्री को बिना अनुमति साझा किया गया। यदि यह माना जाए कि पुस्तक में संवेदनशील सैन्य जानकारियां हैं, तो उस पर गोपनीयता से जुड़े कानून भी लागू हो सकते हैं। परंतु यहां एक गहरा प्रश्न छिपा है। क्या जांच का उद्देश्य वास्तव में कानून का पालन कराना है या फिर उन तथ्यों को नियंत्रित करना है जो असुविधाजनक साबित हो सकते हैं। इस आत्मकथा में जिन घटनाओं का उल्लेख है, वे हाल के वर्षों की सबसे संवेदनशील राष्ट्रीय घटनाओं में से हैं। सीमावर्ती क्षेत्र में हुई झड़पों में देश ने अपने जवान खोए, परंतु उन घटनाओं के बारे में आधिकारिक विवरण सीमित रहा। सरकार की ओर से एक विशेष प्रकार का आख्यान प्रस्तुत किया गया, जिसमें दृढ़ता और सफलता पर जोर था। यदि किसी पूर्व थलसेना प्रमुख की पुस्तक उस आख्यान से अलग तस्वीर पेश करती है, तो स्वाभाविक है कि वह राजनीतिक रूप से असहज कर सकती है।

# जोधपुर में चीन-तुर्की समेत 6 देशों के कलाकार आएंगे

## मेहरानगढ़ दुर्ग में तीन दिन चलेगा 17वां सेक्रेड स्पिरिट फेस्टिवल

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** ऐतिहासिक मेहरानगढ़ दुर्ग में 13 से 15 फरवरी तक 17वां सेक्रेड स्पिरिट फेस्टिवल आयोजित होगा। मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के तत्वावधान में होने वाले इस तीन दिवसीय आयोजन में देश-विदेश के मशहूर कलाकार सूफी संगीत, नृत्य और लोक परंपराओं की स्वर लहरियां बिखेरेंगे। पूर्व नरेश गज सिंह और गॉर्डन मैथ्यू संनर स्टिंग के संरक्षण में फेस्टिवल का आयोजन होगा। मेहरानगढ़ म्यूजियम ट्रस्ट के प्रशासक कर्नल अजय सिंह शेखावत ने बताया कि 17वें सेक्रेड स्पिरिट फेस्टिवल में आध्यात्मिक सूफी संगीत, नृत्य और भारतीय विरासत का शानदार प्रदर्शन होगा। फेस्टिवल का मकसद पारंपरिक लोक संगीत-नृत्य को बढ़ावा देना और लोगों को सूफी संस्कृति से जोड़ना है। इसमें राजस्थानी और विदेशी कलाकारों की जुगलबंदी दर्शकों को रोमांचित करेगी।



**विदेशी सितारे आएंगे जोधपुर :** फेस्टिवल में चीन के लिंगलिग वेनेकी गू, जियान ग्रुई लू, क्लेमेंट जैनी, स्पेन के एपेरनलोपेज, अनाइस ओलिवरास, तुर्की के मेटे एडमैन, एमरेइसिक, ताजिकिस्तान के अक्नाजर अलोवातोव, कुशबख्त नियजोन, ईरान के नगीब शानबेहजादेह, ट्यूनिशिया के जींद जौरी समेत कई देशों के कलाकार शिरकत करेंगे।

**राजस्थान-देश के ये कलाकार बिखेरेंगे जलवा :** जोधपुर के साबिर खान, पंजाब के सूफी गायक मदन गोपाल सिंह, रजिया सुल्तान, बैंगलोर के अंबी सुब्रमण्यम, कोणार्क रेड्डी, अनवर खान मांगणियार, मुजफ्फर रहमान, मुस्तफा खान, हनीफ खान, घेवर खान मांगणियार आदि भाग लेंगे।

**2007 से चल रहा है ये सिलसिला :** मेहरानगढ़ में 2007 से शुरू हुए इस फेस्टिवल ने सूफी संगीत को अंतरराष्ट्रीय मंच दिया। पहले नागौर के अहिच्छत्रगढ़ में वर्ल्ड सूफी फेस्टिवल के नाम से होता था, अब सेक्रेड स्पिरिट फेस्टिवल बन चुका है। आर्टिस्ट डायरेक्टर एलेन वेबर ने कहा, यह फेस्टिवल दुनिया के टॉप चार में शुमार है। कलाकार यहां संस्कृतियों का संगम रचेंगे।

**फेस्टिवल में महाराजा गज सिंह पर अमन नाथ और योगी वैद्य की पुस्तक बापजी :** महाराजा ऑफ जोधपुर मारवाड़ - दी किंग हू वुड बी मैन' का विमोचन होगा। किताब में उनके जीवन, विरासत संरक्षण और दुर्लभ फोटोज हैं।

# इग्नू में प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** इंदिरा गाँधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय द्वारा (जनवरी 2026 सत्र के लिए बी.एड. एवं पोस्ट बेसिक बी.एस.सी. नर्सिंग तथा जुलाई 2026 सत्र के लिए पुनर्वास मनोविज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा) विभिन्न कार्यक्रमों हेतु प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया जारी है। क्षेत्रीय निदेशक, डॉ. सचिन श्रीधर सुखदेवे ने बताया कि इस सत्र में इन कार्यक्रमों के लिए आयोजित की जाने वाली प्रवेश परीक्षा हेतु विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित पात्रता/योग्यता, कार्यक्रम विवरणिका एवं अन्य आवश्यक सूचनाएं इग्नू की मुख्य वेबसाइट (www.ignou.ac.in) पर उपलब्ध है।

# साध्वी रतन माला श्रीजी आदि ठाणा 3 का 2026 चातुर्मास जोधपुर में घोषित



**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन मंदिर गुरुओं के तालाब में 2026 का चातुर्मास की विनती की गई, मंदिर के ट्रस्टी ओमप्रकाश चोपड़ा ने बताया कि नीती सूरी समुदाय के साध्वी श्री रतन माला श्री जी, मुक्ति माला श्री जी दिव्या रतन मालाश्री महाराज का आगामी चतुर्मास हेतु विनती शिवगंज में की गई। साध्वी श्री का 2026 का चातुर्मास श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन मंदिर गुरुओं को तालाब में होगा। इस अवसर पर संघ सदस्य भी उपस्थित थे। साध्वी श्री का 2022 का चातुर्मास श्री चिंतामणि पार्श्वनाथ जैन मंदिर गुरुओं के तालाब में हो चुका था। साध्वी श्री रतन माला श्री जी का 15 वर्षों से वर्षीतप कर रहे हैं। साध्वी श्री का यह 42 व चातुर्मास होगा। इस अवसर पर अरविंद जैन अशोक मेहता नम्रता हुडिया आदि चातुर्मास को लेकर ट्रस्ट में उत्साह है।

# हस्तशिल्प निर्यात सेक्टर को कोई राहत नहीं: शर्मा


**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रदेश कांग्रेस कमिटी के प्रवक्ता व राजसिको के पूर्व निदेशक अजय शर्मा ने बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि राजस्थान



विधानसभा में उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी द्वारा जो बजट पेश किया गया ये सिर्फ कागजों में ही हैं क्योंकि अभी तक तो पिछले बजट की भी तीस प्रतिशत घोषणाएं ही फलीभूत हुई है। राजस्थान के प्रमुख निर्यात सेक्टर हस्तशिल्प को जो एमएसएमई सेक्टर का भी पार्ट है को किसी भी प्रकार की राहत नहीं दी गई। जबकि सरकार चाहती तो उत्तरप्रदेश की तरह निर्यात को प्रोत्साहित करने का लिए प्रावधान करती। पूर्व मुख्यमंत्री का गृह जिला होने का खामियाजा जोधपुर शहर के साथ सौतेला व्यवहार कर लिया गया। जोधपुर को एक बार पुनः खाली हाथ रहना पड़ा। लोक लुभावन बजट पेश कर एक बार पुनः जनता के साथ धोखा किया गया हैं।

# मकवाना को राष्ट्रीय विद्यालयी स्तर प्रतियोगिता में कांस्य पदक

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वधान में 69वीं अंडर 19 राष्ट्रीय विद्यालय स्तर प्रतियोगिता 2025-26, बेंगलुरु (कर्नाटक)



में 05 फरवरी से 09 फरवरी तक आयोजित हुई। जिसमें केंद्रीय विद्यालय की टीम से रणवीर मकवाना ने अपने भार वर्ग में कांस्य पदक प्राप्त किया। यह रणवीर का राष्ट्रीय विद्यालय स्तर पर दूसरा पदक है। पिछले वर्ष अंडर 17 वर्ष राष्ट्रीय विद्यालयी स्तर प्रतियोगिता में भी कांस्य पदक प्राप्त किया था, और यूथ ओपन टूर्नामेंट में भी अच्छा प्रदर्शन किया। रणवीर की इस उपलब्धि पर जोधपुर बॉक्सर युवा व खेल प्रेमी बहुत खुश है और रणवीर के स्कूल मै भी युवाओ मै जोश है केंद्रीय विघालय के प्रिंसिपल ने शुभकामनाएं व उज्जवल भविष्य की हार्दिक बधाइयां दी।

# नि:शुल्क शिक्षा ग्रहण विद्यार्थियों को उम्मेद भवन संग्रहालय का भ्रमण

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पूर्व राजमाता कृष्णा कुमारी के शताब्दी वर्ष में पूरे वर्ष संचालित सेवा अभियान के अंतर्गत आज नि: शुल्क शिक्षा ग्रहण प्राप्त कर



रहे विद्यार्थियों को बस्तें, पुस्तकें, यूनिफार्म के अलावा सभी प्रकार की सुविधाएं नि: शुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है विद्यालय मदर वर्ल्ड स्कूल के विद्यार्थियों को जोधपुर राज परिवार की ओर से नि: शुल्क उमेद भवन पैलेस संग्रहालय का भ्रमण करवाया गया और सभी विद्यार्थियों के साथ विद्यालय के शिक्षा और अन्य सहकर्मियों को भी मिष्ठान और नमकीन की व्यवस्था करवायी गई संस्था सचिव कला गुर्जर ने बताया की समय समय पर जोधपुर राज परिवार इन बच्चों के लिये विशेष कार्यक्रम आयोजन के लिये विशेष रूप से प्रयास करवाते रहते हैं । यह विभिन्न सामाजिक सेवा कार्यक्रम राजमाता कृष्णा कुमारी के भारतीय तिथिनुसार अवतरण दिवस महाशिवरात्रि पर्व तक जारी रहेंगे । आने वाले दिनों में होम्योपैथिक चिकित्सा शिविर, दियांगजनों की सेवा, स्कूल विद्यार्थियों को मिष्ठान, पुस्तकें और बुजुर्गों के लिए नजर के चश्में भी भेंट किए जाएंगे।

# ट्रेकमैन की सजगता से मालिक तक पहुंचा गुम हुआ मोबाइल

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जोधपुर रेल मंडल के स्टेशन यार्ड में कार्यरत ट्रेकमैन की सजगता से मालिक तक गुम हुआ मोबाइल मिल गया। उत्तर पश्चिम रेलवे मजदूर संघ के पदाधिकारी रामकिशोर गहलोत ने बताया कि सीनियर सेक्शन



इंजीनियर पीवे जोधपुर के अधीन कार्यरत ट्रेकमैन मनीष चौधरी को 28 जनवरी को जोधपुर यार्ड में ड्यूटी के दौरान मोबाइल फोन मिला। ट्रेकमैन मनीष चौधरी ने इसकी सूचना सुपरवाइजर को देने के साथ मोबाइल के मालिक मैनपुरी उत्तर प्रदेश निवासी मोहित यादव से संपर्क किया। बुधवार को मोबाइल के मालिक मोहित यादव जोधपुर पहुंचे। इस पर ट्रेकमैन मनीष चौधरी ने अन्य रेलकर्मियों की उपस्थिति में मोबाइल के मालिक को गुम हुआ मोबाइल सुपुर्द किया। मोबाइल मालिक मोहित यादव ने ट्रेकमैन मनीष चौधरी की ईमानदारी की प्रशंसा करते हुए रेलवे प्रशासन का आभार प्रकट किया इस अवसर पर रेलकर्मी उपस्थित थे।

# जोधपुर रेल मंडल में विविध कार्यक्रम आयोजित

## 300 रेलकर्मियों ने लिया क्विज प्रतियोगिता में भाग



**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर रेल मंडल के मंडल परिसर में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय महिला एवं बालिका विज्ञान दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर अधिकारियों, कर्मचारियों तथा महिला रेल कर्मचारियों ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी ने बताया कि यह दिवस प्रतिवर्ष 11 फरवरी को संयुक्त राष्ट्र द्वारा मनाया जाता है। इसका उद्देश्य विज्ञान एवं तकनीक के क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं की समान एवं सम्मानजनक भागीदारी सुनिश्चित करना तथा उनके योगदान को सम्मान देना है। उन्होंने कहा कि भारतीय रेल में भी विभिन्न तकनीकी एवं परिचालन क्षेत्रों में महिलाओं की भूमिका निरंतर सशक्त हो रही है। इस उपलक्ष्य में मंडल परिसर में महिला रेल कर्मियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विज्ञान आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता कुल 25 अंकों की थी, जिसमें वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक हितेश यादव एवं वरिष्ठ अनुभाग अभियंता (ईएनएचएम) अरुण कुमार ने 25 में से 25 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया व सोनल वर्मा (सीसीटीएस) जिन्होंने महिलाओं में सर्वोच्च अंक प्राप्त किए हैं। मंडल रेल प्रबंधक ने मंच पर आमंत्रित कर पुरस्कृत किया तथा उन्हें विज्ञान दूत के रूप में चयनित किया। साथ ही शेष अन्य प्रतिभागी रेल कर्मचारियों को 200 रुपए प्रत्येक को सम्मानित कर बधाई दी गई। कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बालिका विज्ञान दिवस से संबंधित प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका अधिकारियों एवं रेल कर्मियों ने अवलोकन किया। मंच का संचालन वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी अभिषेक गांधी द्वारा किया गया।

# ब्रह्मपुरी बस्ती क्षेत्र में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

**हुक्मनामा समाचार**



**जोधपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष (100 वर्ष) पूर्ण होने के उपलक्ष में भीतरी शहर के ब्रह्मपुरी बस्ती क्षेत्र में विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। आयोजन के अंतर्गत महालक्ष्मी मंदिर से नालेश्वर प्रांगण तक मातृशक्ति द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान जय जय श्रीराम के जयघोष से पूरा क्षेत्र गूंज उठा, जिसमें मातृशक्ति, युवा शक्ति एवं समाजजन उत्साहपूर्वक शामिल हुए।

कलश यात्रा के पश्चात सायं 5.30 बजे भव्य हिन्दू सम्मेलन आयोजित हुआ, जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं देशभक्ति गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ दी गईं। साध्वी नित्यमुक्ता (ईश्वर प्रेम आश्रम) एवं पं. महेंद्र व्यास (दुर्गा मंदिर) का आशीर्वादवचन प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का बौद्धिक महादेव प्रसाद जी (सह महानगर कार्यवाह) द्वारा दिया गया। कार्यक्रम के संयोजक रिटायर्ड कर्नल के. वी. व्यास के मार्गदर्शन से हुआ। अचलेश्वर ओझा तथा शैलेंद्र सोनी ने बताया कि सम्मेलन में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित डॉ. डी. डी. ओझा विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सारिका एवं जय प्रकाश दवे द्वारा किया गया, वहीं सुंदरकांड का पाठ कुलदीप दवे द्वारा प्रस्तुत किया गया। बस्ती प्रमुख जितेंद्र सोनी एवं योगेश त्रिवेदी ने बताया कि इस अवसर पर कपिल ओझा, जितेंद्र घोष, अजय डूंगर सिंह, मुरली मनोहर, भुवनेश व्यास, राहुल ओझा, लक्ष्य दवे, सहित अनेक श्रद्धालु एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे।

# डेगाना रेलवे स्टेशन पर कर्मचारी शिकायत एवं स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे, जोधपुर मंडल में मंडल रेल प्रबंधक अनुराग त्रिपाठी के निर्देशन में कार्मिक विभाग द्वारा 'मिशन 100' अभियान के अंतर्गत डेगाना रेलवे स्टेशन पर कर्मचारी शिकायत एवं स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। मिशन 100 कैंप की शुरुआत जोधपुर मंडल में सर्वप्रथम डेगाना स्टेशन से की गई है। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी ने बताया कि शिविर के दौरान कुल 11 कर्मचारियों की शिकायतें दर्ज की गईं, जिनमें से 05 शिकायतों का समाधान मौके पर ही कर दिया गया। शेष शिकायतों के शीघ्र निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए हैं। स्वास्थ्य जांच शिविर में चिकित्सक द्वारा 30



कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों की हाई आरबीएस (रक्त शर्करा) एवं ब्लड प्रेशर की जांच की गई। जांच के दौरान 10 कर्मचारियों एवं उनके आश्रितों को पहली बार यह जानकारी मिली कि उन्हें हाई आरबीएस एवं उच्च रक्तचाप की समस्या है। चिकित्सक द्वारा सभी को संतुलित आहार, नियमित जांच एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की सलाह दी गई तथा आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी जानकारी प्रदान की गई। शिविर का सफल संचालन सहायक कार्मिक अधिकारी डी.एस. मीना कल्याण निरीक्षक हरिमोहन की देखरेख में सम्पन्न हुआ। मंडल प्रशासन कर्मचारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं उनके स्वास्थ्य संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी ऐसे शिविरों का आयोजन जारी रहेगा।

# ऐतिहासिक बजट से विकसित राजस्थान की ओर बड़ा कदम : डा. खीची

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डा. करणी सिंह खीची ने राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के बजट को वित्तीय अनुशासन, सुशासन और दीर्घकालिक विकास का संतुलित एवं दूरदर्शी मॉडल बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट कल्याणकारी योजनाओं और पूंजीगत निवेश के बीच सशक्त संतुलन स्थापित करता है तथा विकसित राजस्थान के संकल्प को मजबूती प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल वर्तमान आवश्यकताओं तक सीमित नहीं है, बल्कि आने वाले दशकों की चुनौतियों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया विकास का रोडमैप है। समग्र विकास, पारदर्शिता और विश्वास पर आधारित यह बजट राजस्थान को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में स्थापित करने की दिशा में निर्णायक कदम है।




**BEFORE MOTOR ACCIDENT CLAIMS TRIBUNAL (Main), SURAT.**

**Room No.107, First Floor, New Court Building, Athwalines, Sruat**

**M.A.C. No. 402/2016**

**Applicant-Hasmukhbhai Joytaram Patel**

**Advocate Mr. N.S.Trivedi**

**Versus**

**Opponent.-No.4 Chhenaram Labhuram Chaudhary Jhanwar**

**Jantawas, Ta. Luni, Dist. Jodhpur, Rajasthan.**

You, the opponent No.4 is hereby informed by this met an Public Notice that the Truck No. RJ-19-GA-7115 accident on 22nd August 2011 at highway of Surat to Mumbai to and you opp. No.4 is driver and owner of the said truck, above applicants have file above petition to get compensation under section 166(A) of M. V. Act. 1988.

You, the Opponent No.4 inspite of repeated process of notice issue by the Court on your above address, but the notices are not served, hence by this notice you are informed that you the Opponent No.4 must remain present before the Motor Accident Claim Tribunal (Main), Surat, On 18th February 2026 at 10:45 a.m. personally or through Advocate under your instructions, failing which the same will be treated as your absence and the said application for compensation shall be proceed ex-party and disposed off accordingly which, please note.

Signed and Sealed today on this 9th day of February, 2026, under my hand and Seal of the Court.

| Prepared by, | Compared by, | By Order, |
|---|---|---|
| P.M.Patel<br>(Assistant)<br>District Court, Surat. | J.Y.Patel<br>(Superintendent)<br>District Court, Surat | H.N. Surti<br>(Deputy Registrar)<br>M.A. C.T. Branch, Surat |

**कार्यालय नगर परिषद, जैसलमेर (राज.) 345001**

क्रमांक/भूमि/2025-26/3269 दिनांक : 11.02.2026

**प्रसारित नोटिस उजरदारी**

श्री राजेन्द्रसिंह पुत्र श्री ताराचन्द राठौड़ जाति राठौड़ निवासी किले उपर कोटडी पाडा जैसलमेर द्वारा एक आवेदन-पत्र कॉपी पेश कर निवेदन किया है कि आवासीय जायदाद खण्डहर मकान साईज लम्बाई ओटा सहित पूर्व-पश्चिम 55 फुट व चौड़ाई उत्तर दक्षिण 20 फुट कुल 1100 वर्गफुट वाके मजदूर पाडा जैसलमेर जो कि 01 श्री प्रागाराम पुत्र स्व. श्री पन्नाराम जाति सुथार निवासी धोबा, पोस्ट-खुहडी तहसील व जिला जैसलमेर 02 श्री बीजाराम पुत्र स्व. श्री पन्नाराम जाति सुथार निवासी धोबा, पोस्ट-खुहडी तहसील व जिला जैसलमेर 03 श्री भैराराम पुत्र स्व. श्री पन्नाराम जाति सुथार निवासी धोबा, पोस्ट-खुहडी तहसील व जिला जैसलमेर 04 श्रीमती अंतरी देवी पुत्री स्व श्री पन्नराम, पत्नि श्री राणाराम जाति सुथार निवासी कनोई- तहसील व जिला जैसलमेर से जरिये पंजीकृत बेचान-पत्र से प्राप्त किया गया है। उक्त भूखण्ड का नामान्तरण श्री राजेन्द्रसिंह पुत्र श्री ताराचन्द राठौड़ जाति राठौड़ निवासी किले उपर कोटडी पाडा जैसलमेर द्वारा अपने नाम से दर्ज करवाना चाहती है।

अतः इस सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/पार्टी को कोई उजर ऐतराज हो तो वह इस कार्यालय में 7 दिवस के भीतर पेश करें अन्यथा बाद म्याद कोई उजर ऐतराज मान्य नहीं होगा तथा नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। सूचित रहे।

**आयुक्त-नगर परिषद, जैसलमेर**

Municipal Council Phalodi (Jodhpur) Rajasthan Email : eombphalodi.jod@gmail.com

**कार्यालय नगर परिषद, फलोदी-जिला (फलौदी) राज.**

क्रमांक : न.प.फ./2025-26/10784-84 **आपत्ति-आमन्त्रण सूचना** दिनांक : 18.02.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न आवेदक द्वारा अपने भूखण्ड संबंधित चेनल दस्तावेज मय ब्लू प्रिंट नक्शा मय शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरपरिषद में आवेदन निम्न कार्य हेतु पेश किया है। उस पर जिस किसी को उजर/एतराज हो तो आपत्ति सूचना जारी होने की तिथि से 07 दिवस के अन्दर म्याद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में अपनी आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करावें। बाद म्याद आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम/पता | स्थान | क्षेत्रफल (वर्गफिट में) | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | आवेदन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3. | जगदीश/चिम्माराम प्रजापत विमला देवी/ जगदीश प्रजापत | प्लॉट नं. 687 वृंदावन धाम फलोदी | 3200 | प्लॉट नं. 586 | प्लॉट नं. 588 | प्लॉट नं. 602 | सड़क 150 फीट | नामान्तरण |

**आयुक्त-नगर परिषद, फलोदी**

Municipal Council Phalodi (Jodhpur) Rajasthan Email : eombphalodi.jod@gmail.com

**कार्यालय नगर परिषद, फलोदी-जिला (फलौदी) राज.**

क्रमांक : न.प.फ./2025-26/18781-82 **आपत्ति-आमन्त्रण सूचना** दिनांक : 10.02.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्न आवेदक द्वारा अपने भूखण्ड संबंधित चेनल दस्तावेज मय ब्लू प्रिंट नक्शा मय शपथ पत्र प्रस्तुत कर नगरपरिषद में आवेदन निम्न कार्य हेतु पेश किया है। उस पर जिस किसी को उजर/एतराज हो तो आपत्ति सूचना जारी होने की तिथि से 07 दिवस के अन्दर म्याद विधिमान्य दस्तावेजों सहित लिखित में अपनी आपत्ति कार्य दिवस के दौरान कार्यालय समय में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करावें। बाद म्याद आपत्ति मान्य नहीं होगी। सूचित रहे।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम/पता | स्थान | क्षेत्रफल (वर्गफिट में) | उत्तर | दक्षिण | पूर्व | पश्चिम | आवेदन का प्रकार |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | मनीष जैन/मदन चंद कोचर कल्पना जैन/ मनीष जैन | दुकान नं. 2 स्टेशन रोड कचहरी के सामने फलोदी | 368.66 | रामेश्वर लाल दुकान नं. 3 | बाल किशन दुकान नं. 1 | रोड 60 फीट | श्रीगोपाल कलंत्री | नामान्तरण |
| 2. | मनीष जैन/मदन चंद कोचर कपिल कोचर/ मदन चंद | ओसवालों का न्याति नोहरा के पास फलोदी | 952.50 | मगनमल | अमरचन्द | रोड 30 फीट | रोड 30 फीट | नामान्तरण |

**आयुक्त-नगर परिषद, फलोदी**



स्वामी एवं प्रकाशक प्रदीप लोढ़ा के लिए 902, तीसरी ई-रोड, सरदारपुरा, जोधपुर से प्रकाशित तथा मुद्रक मनीष कुमार, माणक ऑफसेट प्रिन्टर्स, एमजीएच रोड, जोधपुर द्वारा मुद्रित। सम्पादक प्रदीप लोढा, फोन : 2540244, 2622321, फैक्स : 2541066, **सिटी कार्यालय :** मालियों की गली, उदयमंदिर थाने के पास, जोधपुर। **-जयपुर कार्यालय :** जी-1, एफ ब्लॉक, गणपति एनक्लेव, अजमेर रोड जयपुर। फोन नं.-01412220403-05, समाचार सम्पादक (मानद): सैयद मुनव्वर अली, मो. 9929454286

# राजस्थान बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया...........

**बजट में युवाओं को पारदर्शी भर्ती परीक्षाओं की सौगात, स्टेट टेस्टिंग एजेंसी की स्थापना का फैसला स्वागत योग्य**


## बजट में आधारभूत ढांचे के विस्तार, ग्रामीण विकास, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान : मदन राठौड़



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने राजस्थान बजट 2026—27 को विकसित राजस्थान के निर्माण का सशक्त और दूरदर्शी रोडमैप बताते हुए कहा कि यह बजट प्रदेश को आत्मनिर्भर, समृद्ध और सर्वांगीण विकास की दिशा में अग्रसर करने वाला है। राठौड़ ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में वित्त मंत्री दीया कुमारी द्वारा प्रस्तुत यह बजट आमजन, किसान, युवा, महिला, कर्मचारी, व्यापारी और उद्योग जगत सभी वर्गों की अपेक्षाओं पर खरा उतरता है। बजट में आधारभूत ढांचे के विस्तार, ग्रामीण विकास, सिंचाई, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान दिया गया है, जो आने वाले वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।


भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि बजट में 42 हजार किलोमीटर सड़कों का निर्माण होगा। जोधपुर, पाली, मारवाड औद्योगिक कॉरिडोर 600 करोड की सहायता से, सीएम स्वरोजगार योजना से 10 लाख रुपए तक का ब्याज ऋण मुक्त सहायता, ग्रामीण महिला बीपीओ खोलना, पारदर्शी परीक्षा के लिए राजस्थान स्टेट टेस्टिंग एजेंसी की स्थापना, महिला स्वयं सहायता समूहों को ऋण सीमा 50 लाख से बढाकर 1 लाख, अगले साल 50 हजार सौलर पंप लगाएं जाएंगे जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं बजट में की गई है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने बताया कि प्रदेश सरकार ने वित्तीय अनुशासन के साथ विकास और जनकल्याण के बीच संतुलन स्थापित किया है। कृषि एवं पशुपालन को मजबूती, युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार के अवसर, महिलाओं के सशक्तिकरण तथा शहरी एवं ग्रामीण बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की दिशा में बजट में महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि यह बजट 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' की भावना को साकार करता है। प्रदेश की जनता ने जिस विश्वास के साथ भाजपा सरकार को जनादेश दिया था, यह बजट उसी विश्वास को और मजबूत करने वाला है। राठौड़ ने विश्वास व्यक्त किया कि राजस्थान बजट 2026—27 प्रदेश को विकसित राज्य बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा और आमजन के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा।

## बजट निराशाजनक, विकास का रोडमैप गायब: गोविन्द सिंह डोटासरा



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने राज्य सरकार के बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि इसमें प्रदेश की प्रगति और विकास के लिए अपेक्षित वित्तीय प्रावधान नहीं किए गए हैं। उन्होंने कहा कि यमुना जल परियोजना और ईआरसीपी जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं का उल्लेख तो किया गया, लेकिन इनके लिए कोई स्पष्ट बजट आवंटन नहीं हुआ। डोटासरा ने आरोप लगाया कि सरकार प्रतिदिन आठ उद्योगों को भूमि आवंटन की बात कर रही है, लेकिन निवेश और रोजगार सृजन के आंकड़ों पर मौन है। शिक्षा क्षेत्र में 3768 जर्जर स्कूल भवनों की मरम्मत के लिए 21 हजार करोड़ की आवश्यकता बताई गई है, जबकि सरकार ने मात्र 550 करोड़ रुपये प्रस्तावित किए हैं। उन्होंने किसानों के लिए गेहूं और बाजरे की एमएसपी पर बोनस की घोषणा न होने, नई भर्तियों की कमी और छात्रों को टैबलेट-लैपटॉप योजना का बजट घटाने को भी मुद्दा बनाया। डोटासरा ने कहा कि बजट में न नए महाविद्यालयों की घोषणा है, न अस्पतालों की। उनके अनुसार यह बजट किसानों, युवाओं, महिलाओं और उद्योगों के लिए निराशाजनक है और इसमें प्रदेश के विकास का स्पष्ट रोडमैप नजर नहीं आता।

## बजट पर गहलोत का हमला, बताया निराशाजनक



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधानसभा में पेश किए गए बजट को लेकर भारतीय जनता पार्टी सरकार पर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने तीखा हमला बोला है। गहलोत ने बजट को जनविरोधी और निराशाजनक बताते हुए कहा कि इसमें किसी भी वर्ग के लिए ठोस राहत की घोषणा नहीं की गई। गहलोत ने आरोप लगाया कि रिफाइनरी और श्वत्रष्टक्क जैसे बड़े प्रोजेक्ट्स का बजट में उल्लेख तक नहीं है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन में वार्षिक बढ़ोतरी की घोषणा नहीं होने से 90 लाख से अधिक लाभार्थियों में निराशा है। युवाओं के लिए बड़ी सरकारी भर्तियों की घोषणा भी नहीं की गई, जबकि संविदा आधारित भर्ती पर जोर दिया गया है। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की तर्ज पर स्टेट टेस्टिंग एजेंसी बनाने की घोषणा पर भी सवाल उठाए गए। कांग्रेस का कहना है कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी पहले ही विवादों में रही है और राजस्थान लोक सेवा आयोग में रिक्त पद भरे बिना नई एजेंसी बनाना उचित नहीं है। इसके अलावा अन्नपूर्णा राशन किट योजना की बहाली नहीं होने और स्वास्थ्य बीमा योजना को लेकर फैले भ्रम को दूर करने के लिए भी कोई स्पष्ट घोषणा नहीं की गई। कांग्रेस ने इसे जनता की उम्मीदों पर पानी फेरने वाला बजट बताया है।

## नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने साधा सरकार पर निशाना
## 'न विजन, न नीति, न नीयत... भाजपा का बजट विश्वासघाती'



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राज्य विधानसभा में पेश बजट को लेकर सियासत तेज हो गई है। नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए बजट को 'खोखला' और 'जनविरोधी' बताया। उन्होंने कहा कि सरकार का यह बजट न तो ठोस योजना प्रस्तुत करता है और न ही प्रदेश के विकास की स्पष्ट दिशा दिखाता है। जूली ने कहा कि पिछले दो बजटों में की गई 2718 घोषणाओं में से केवल 900 ही पूरी हुई हैं, जबकि 284 परियोजनाओं पर काम शुरू तक नहीं हो पाया। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, 'नौ दिन चले अढ़ाई कोस की तर्ज पर सरकार घोषणाओं तक ही सीमित है, धरातल पर परिणाम नजर नहीं आ रहे। **जल जीवन मिशन पर सवाल**– नेता प्रतिपक्ष ने जल जीवन मिशन को सरकार की बड़ी विफलता बताते हुए कहा कि 45 लाख नल कनेक्शन देने का दावा किया गया था, लेकिन अब तक केवल 14 लाख कनेक्शन ही दिए गए हैं। उनके अनुसार यह जनता के साथ विश्वासघात है।

**वित्तीय प्रबंधन पर भी उठाए सवाल**– जूली ने आरोप लगाया कि राज्य का राजस्व घाटा बढ़कर ?32,982 करोड़ तक पहुंच गया है, जबकि राजस्व प्राप्तियों में ?9,003 करोड़ की कमी दर्ज की गई है। उन्होंने कहा कि सरकार वित्तीय मोर्चे पर असफल रही है और अपनी नाकामियों का ठीकरा दूसरों पर फोड़ रही है।

**उन्होंने मशहूर शायर मिर्ज़ा ग़ालिब का शेर पढ़ते हुए कहा**– 'उम्र भर ग़ालिब यही भूल करता रहा, धूल चेहरे पे थी, आइना साफ़ करता रहा।' शिक्षा और ढांचे को लेकर चिंता नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश के 42 हजार से अधिक जर्जर स्कूलों की स्थिति पर सरकार मौन है।

साथ ही 'नमो वन' और 'नमो नर्सरी' जैसी घोषणाओं को उन्होंने चापलूसी की राजनीति करार दिया। उन्होंने रिफाइनरी परियोजना में देरी और कुछ जिलों की अनदेखी का भी मुद्दा उठाया और कहा कि सरकार के पास ठोस रोडमैप का अभाव है।

## भाजपा सरकार का बजट प्रदेश की जनता पर डंबल इंजन की सरकार का दोहरा कुठाराघात : पायलट



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव एवं पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा आज विधानसभा में प्रस्तुत बजट को निराशाजनक बताते हुए इसे प्रदेश की जनता पर डबल इंजन की सरकार का दोहरा कुठाराघात बताया है। पायलट ने कहा कि पहले केन्द्रीय बजट में भाजपा सरकार द्वारा राजस्थान की अनदेखी की गई और अब राज्य सरकार ने अपने बजट के माध्यम से किसानों, युवाओं, महिलाओं, मध्यम वर्ग की आशाओं पर पानी फेर दिया है। पायलट ने कहा कि झालावाड़ की स्कूल में हुए हादसे पर संज्ञान लेते हुए राजस्थान हाईकोर्ट ने सरकार को कड़ी फटकार लगाई थी और सरकार हफलनामे के माध्यम से यह स्वीकार भी किया था कि प्रदेश की स्कूलों की मरम्मत के लिए 21 हजार करोड़ रूपयों की आवश्यकता है। बावजूद इसके राज्य बजट में मात्र 500 करोड़ रूपये का प्रावधान किया जाना यह बताता है कि राज्य सरकार को विद्यार्थियों की सुरक्षा की कोई चिंता नहीं है। इस बजट के माध्यम से सरकार ने बच्चों के भविष्य को अंधेरे में ढकेलने का काम किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार के वित्तीय कुप्रबन्धन के चलते राजस्व घाटा बढ़ा है, सरकार को कर्ज लेना पड़ेगा जिससे महंगाई बढ़ेगी। सरकार ने शब्दों के मायाजाल से अपनी दो वर्षो की नाकामी को छुपाने का काम किया है। उन्होंने कहा कि सरकार के गत् वर्षो के बजट की भांति यह बजट भी धरातल पर उतरने वाला नहीं है।

## पशुपालन एवं डेयरी सेक्टर को मजबूती देगा राज्य सरकार का बजट : जोराराम कुमावत

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट 2026-27 पर प्रतिक्रिया देते हुए पशुपालन, गोपालन, डेयरी एवं देवस्थान मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट विकसित राजस्थान- 2047 के लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण और ठोस कदम है। कुमावत ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और वित्त मंत्री तथा उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट 'समृद्ध किसान, सशक्त पशुपालक और विकसित राजस्थान' की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि इन प्रावधानों से राज्य में पशुपालन क्षेत्र नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

उन्होंने कहा कि बजट में पशुपालन, डेयरी मूल्य श्रृंखला, सहकारी निवेश को लेकर जो प्रोत्साहन दिए गए हैं, वे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ-साथ रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेंगे। मंत्री ने इसे महिलाओं, छोटे किसानों और ग्रामीण गरीबों के सामाजिक-आर्थिक उत्थान (विकसित भारत) के लिए एक निर्णायक कदम माना। कुमावत ने पशुपालन से किसानों की आय में 25 से 30 प्रतिशत योगदान को स्वीकारते हुए कहा कि इस क्षेत्र में उद्यमिता विकास और आधुनिकीकरण पर ध्यान केंद्रित किया गया है। **एनसीआर, यूपी व एमपी में सरस खोलेगा आउटलेट्स**— कुमावत का मानना है कि बजट में किए गए प्रावधान डेयरी सेक्टर को मजबूती तो देगें ही किसानों और पशुपालकों की आय बढ़ाने के साथ-साथ राज्य सरकार के 'विकसित प्रदेश के संकल्प को साकार करने में अहम भूमिका निभाएंगे। यह बजट डेयरी और पशुधन क्षेत्र के समग्र विकास के लिए एक मील का पत्थर है। उन्होंने डेयरी सेक्टर के विस्तार के लिए 2000 करोड़ के कोरपस फंड की घोषणा का स्वागत करते हुए, कहा कि सरस ब्रांड को गुणवत्तापूर्ण राष्ट्रीय डेयरी ब्रांड के रूप में स्थापित करने के लिए एनसीआर, उत्तरप्रदेश व मध्यप्रदेश आदि राज्यों में सरस उत्पादों के आउटलेट्स खोले जाएंगे।



इसके लिए 100 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। दुग्ध उत्पादन को बढावा देने के साथ-साथ दुग्ध उत्पादकों को प्रोत्साहित करने के उदेश्य से मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक सम्बल योजना के अंतर्गत 5 रुपए प्रति लीटर अनुदान दिया जा रहा है।

## संकल्प से सिद्धि की ओर बढ़ता ऐतिहासिक बजट : अविनाश गहलोत,



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट विकसित राजस्थान-2047 के लक्ष्य की दिशा में ठोस, निर्णायक और परिणामोन्मुखी कदम है। उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत यह बजट न केवल वित्तीय प्रबंधन का दस्तावेज है, बल्कि यह प्रदेश के सर्वांगीण, समावेशी और संतुलित विकास का स्पष्ट रोडमैप भी है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जिस प्रकार सामाजिक न्याय, युवा सशक्तिकरण, महिला उत्थान, किसान कल्याण और गरीब वर्ग के जीवन स्तर में सुधार को बजट के केंद्र में रखा है, वह उनकी संवेदनशीलता और प्रतिबद्धता को दर्शाता है। 'राज सवेरा' योजना के माध्यम से प्रदेश को नशामुक्त बनाने का संकल्प हो या घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू वर्ग के बच्चों के लिए 'स्कूल ऑन व्हील्स' जैसी अभिनव पहल—ये निर्णय समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की सोच को प्रतिबिंबित करते हैं। राजस्थान स्टेट टेस्टिंग एजेंसी की स्थापना, युवाओं के लिए इंस्टीट्यूट ऑफ वोकेशनल ट्रेनिंग, संभागीय मुख्यालयों पर प्लग एंड प्ले सुविधा तथा जिला मुख्यालयों के लिए मास्टर ड्रेनेज प्लान जैसी घोषणाएं प्रदेश में रोजगार, कौशल, उद्योग और आधारभूत संरचना को नई गति देंगी। बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा, चिकित्सा, पर्यटन और कानून व्यवस्था जैसे सभी महत्वपूर्ण क्षेत्रों में हुई घोषणाओं से प्रदेश विकास के उच्चतम शिखर को छू सकेगा। यह बजट मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सुशासन, पारदर्शिता और जवाबदेही की प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

## लघु उद्योगों के प्रोत्साहन के लिए सभी संभाग मुख्यालयों पर प्लग एंड प्ले फैसिलिटी : के. के. विश्नोई



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** उद्योग एवं वाणिज्य राज्य मंत्री के. के. विश्नोई ने राज्य बजट 2026-27 को औद्योगिक विकास के माध्यम से रोजगार के नए अवसर सृजित करने और स्वरोजगार को बढ़ावा देने का रोडमैप बताया है। विश्नोई ने विधानसभा में बजट प्रस्तुत होने के बाद प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि इस बजट से राज्य में नए लॉजिस्टिक हब की स्थापना, जोधपुर-पाली-मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र के लिए 3,600 हेक्टेयर भूमि विकसित करने और रीको की डायरेक्ट अलॉटमेंट पॉलिसी को जारी रखने जैसे महत्वपूर्ण निर्णयों से प्रदेश में औद्योगिक विकास को गति मिलेगी। साथ ही, सूक्ष्म और लघु उद्योगों को बढ़ावा देने और स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया है।

इसमें वर्ष 2047 तक राज्य की जीडीपी को 4.3 ट्रिलियन डॉलर तक पहुँचाने का संकल्प तथा इसमें उद्योग एवं सेवाओं का योगदान जीडीपी के 80 प्रतिशत से अधिक का लक्ष्य रखा गया है और इस लक्ष्य को पूरा करने के उपाय बताए गए हैं जो डबल इंजन की सरकार लागू करेगी। उद्योग राज्य मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार द्वारा पिछले 2 वर्षों में औद्योगिक विकास के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय और नीतियां लागू की गई हैं। राइजिंग राजस्थान के तहत किए गए 35 लाख करोड़ रुपये में से 8 लाख करोड़ रुपये निवेश समझौते धरातल पर उतर गए हैं। इसके साथ ही, पिछले वर्ष हर दिन लगभग 8 उद्योगों को जमीन आवंटित की गई। साथ ही, औद्योगिक आधारभूत उन्नयन एवं विकास के लिए गत एक वर्ष में जो राशि खर्च की गई है, वो 50 वर्षों में सर्वाधिक है। निवेश प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए निवेशकों और उद्योगों के लिए सिंगल विंडो 2.0 प्लेटफॉर्म के तहत 'एक आवेदन और एक डिजिटल ट्रैक' के माध्यम से सभी विभागीय स्वीकृतियां देने की व्यवस्था की जाएगी। इस बजट में किए गए प्रावधानों से औद्योगिक विकास यह गति और मजबूत होगी। रिन्यूएबल एनर्जी, ई-व्हीकल, ग्रीन हाइड्रोजन एवं ग्रीन मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में युवाओं को आधुनिक कौशल प्रदान कर रोजगार से जोड़ने के लिए एनर्जी ट्रांजिशन स्किलिंग क्लस्टर विकसित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि राज्य में और नए लॉजिस्टिक हब विकसित किए जाने के लिए निजी क्षेत्र के सहयोग से इनलैण्ड कंटेनर डिपो और मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक हब आदि की स्थापना की जाएगी।

## दीर्घकालीन सहकारी कृषि एवं अकृषि क्षेत्रों के लिए 590 करोड़ रुपये के ऋण पर 5 प्रतिशत ब्याज अनुदान : गौतम कुमार दक



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि वर्ष 2026-27 का राज्य बजट विकसित राजस्थान ञ्च 2047 के विज़न को ठोस आधार प्रदान करने वाला विकासोन्मुखी एवं सर्वस्पर्शी बजट है। यह बजट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को नई गति देगा तथा इससे प्रदेश का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित होगा। दक ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रस्तुत इस बजट में युवा कल्याण, आधारभूत संरचना, अपराध नियंत्रण, चिकित्सा, शिक्षा, पेयजल, ऊर्जा, कृषि एवं कृषक कल्याण, सहकारिता, उद्योग, और पर्यटन जैसे विविध क्षेत्रों को संतुलित प्राथमिकता दी गई है। उप मुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी द्वारा की गई घोषणाएं राज्य को आत्मनिर्भर और विकसित बनाने की प्रतिबद्धता का परिचायक हैं। बजट में युवा, महिला, किसान एवं श्रमिक आदि सभी वर्गों के हितों का ध्यान रखा गया है। सहकारिता मंत्री ने कहा कि बजट में सहकारी सेक्टर की मजबूती के लिए भी कई महत्वपूर्ण प्रावधान किये गए हैं, जिससे 'सहकार से समृद्धि' की संकल्पना को बल मिलेगा। किसानों को आर्थिक चिन्ता से मुक्ति दिलाने के लिए आगामी वर्ष में 35 लाख कृषकों को 25 हजार करोड़ रुपये के ब्याज मुक्त अल्पकालीन फसली ऋण उपलब्ध करवाने का बजट में प्रावधान किया गया है।

## बजट में स्वास्थ्य सेवाओं की मजबूती और समग्र विकास का रोडमैप : चिकित्सा मंत्री



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा है कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रस्तुत राज्य का वर्ष 2026—27 का बजट स्वास्थ्य सेवाओं को नई ऊँचाइयों पर ले जाने के साथ ही प्रदेश के सर्वांगीण विकास का स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है। उन्होंने कहा कि उप मुख्यमंत्री सु दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत बजट में महिला, युवा, गरीब, किसान सहित सभी वर्गों के उत्थान एवं विकसित राजस्थान का दूरदर्शी विजन है। यह बजट आमजन को सुलभ, सस्ती और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि बजट में वंचित पात्र परिवारों को मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना का लाभ दिलाने के उद्देश्य से पंचायत स्तर पर आरोग्य शिविरों का आयोजन करने की महत्वपूर्ण घोषणा की गई है, जिससे हर परिवार को नि:शुल्क उपचार का लाभ मिल सकेगा। जयपुर स्थित जेके लोन अस्पताल में 500 बेड क्षमता का अत्याधुनिक आईपीडी टावर स्थापित होने से शिशु एवं बाल स्वास्थ्य सेवाओं का व्यापक विस्तार होगा। प्रदेश के प्रमुख चिकित्सा महाविद्यालयों जयपुर, अजमेर, बीकानेर, उदयपुर, कोटा और जोधपुर — के संबद्ध अस्पतालों में 500 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक विश्राम गृहों का निर्माण होने से मरीजों के परिजनों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। खींवसर ने कहा कि प्रदेश में चरणबद्ध रूप से 500 अतिरिक्त ड्रग डिस्ट्रीब्यूशन काउंटर स्थापित किए जाने की घोषणा से दवा वितरण प्रणाली अधिक पारदर्शी और सुलभ बनेगी ।सड़क दुर्घटना, प्रसूति एवं हार्ट अटैक जैसी आपात स्थितियों में त्वरित उपचार सुनिश्चित करने हेतु राज सुरक्षा योजना लागू की जाएगी, जिससे आपातकालीन चिकित्सा तंत्र और अधिक प्रभावी होगा। इसी प्रकार मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए राज ममता योजना प्रारंभ करने की घोषणा की गई है।

## विकसित राजस्थान के लक्ष्यों को साकार करेगा राज्य बजट, :जल संसाधन मंत्री




**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने राज्य बजट को जनकल्याण, आधारभूत संचरना विकास और संसाधनों के सुनियोजित उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण भविष्योन्मुखी कदम बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व में उपमुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दिया कुमारी ने बजट में प्रदेश के सर्वांगीण विकास का मजबूत आधार रखा है। रावत ने बताया कि विकसित राजस्थान के लक्ष्य को प्राप्त करने में राज्य बजट मील का पत्थर साबित होगा। इसमें जल संसाधन क्षेत्र के लिए विशेष घोषणाएं हुई हैं। ये प्रदेश में सिंचाई विस्तार, जल संरक्षण और दीर्घकालिक जल सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। यह बजट राज्य को जल आत्मनिर्भर राज्य बनाने की दिशा में अहम साबित होगा। जल संसाधन मंत्री ने बताया कि हथिनीकुंड बैराज से यमुना जल लाने की दिशा में एक और मजबूत कदम बढ़ाया गया है। बुधवार को पेश बजट में इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए 32 हजार करोड़ रुपए का बजट प्रावधान है। इससे शीघ्र ही परियोजना के कार्य शुरू हो सकेंगे। इसके पूर्ण होने पर सीकर, चूरू, झुंझुनूं सहित पूरे शेखावाटी अंचल को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सकेगा। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के सतत प्रयासों और केन्द्र सरकार के सहयोग से शेखावाटी क्षेत्र की तीन दशक पुरानी मांग अब साकार होने जा रही है।

## नई घोषणाओं की बौछारों से सरकार के प्रति अविश्वास पैदा होगा :रामपाल जाट



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान विधानसभा में बुधवार को पेश किए गए बजट 2026-27 को लेकर किसान महापंचायत के राष्ट्रीय अध्यक्ष रामपाल जाट ने कहा है कि पिछले वर्ष के बजट की घोषणाएं तो पूरी हुई नहीं और फिर इस वर्ष के बजट में नई घोषणाओ की बौछारें की गई, जो सरकार के प्रति जनता में अविश्वास उत्पन्न करती बजट भाषण में अंग्रेजी शब्दों का प्रचुरता से प्रयोग हुआ है, यह हिंदी भाषा का तो अपमान है ही, हिंदी भाषी जन के लिए समझ से बाहर है। यथा- कृषि उपज के दाम के लिए विपणन तंत्र को सुदृढ़ बनाने के लिए बजट 2025- 26 में डीडवाना में परबतसर, अजमेर में रुपनगढ़, टोंक में बनेठा, जैतारण में बर मंडियो के निर्माण के लिए घोषणा की गई थी किंतु इनमें से एक भी स्थान पर भूमि आवंटन एवं निर्माण का काम आरंभ नहीं हुआ। जाट ने कहा कि कोटा की भामाशाह तथा बारां मंडियों के विस्तार के लिए भी घोषणा की गई थी किंतु वह भी अभी तक आरंभ नहीं हुई। सॉलिड बेस्ट मैनेजमेंट इकाइयों की घोषणा भी मूर्त रूप नहीं ले सकी है। बजट 2024 -25 में मांगते ही कनेक्शन देने की दिशा में 31 मार्च 2024 तक के लंबित कनेक्शन में से 1,45000 कृषि कनेक्शन देने की घोषणा अधूरी है। इसी प्रकार वर्ष 2025- 26 के बजट में 50,000 कृषि कनेक्शन देने की स्थिति भी अधूरी है, अभी तक 2022, 2023 एवं 2024 के कृषि कनेक्शन भी लंबित चल रहे हैं।

## विकसित एवं उन्नत राजस्थान की संकल्पना को साकार करने वाला सर्वस्पर्शी बजट : सीपी जोशी



**चित्तौड़गढ़, (हुक्मनामा समाचार)।** चित्तौड़गढ़ सांसद एवं भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने राजस्थान सरकार द्वारा वित्त मंत्री दिया कुमारी के नेतृत्व में प्रस्तुत बजट को जनकल्याणकारी, विकासोन्मुखी एवं दूरदर्शी बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट 'सर्व सुखाय, सर्व हिताय' की भावना के अनुरूप हर वर्ग का ध्यान रखने वाला सांसद सीपी जोशी ने कहा कि बजट में 42 हजार किलोमीटर सड़कों के विकास, 500 करोड़ की लागत से 250 अटल प्रगति पथ बनाने, पेयजल परियोजनाओं के लिए 24 हजार करोड़ के वर्क ऑर्डर जारी करने, एक साल में 3 लाख नए नल कनेक्शन जारी करने, 6500 गांवों को हर घर नल से जोड़ने, 350 करोड़ की लागत से नए इंडस्ट्रियल पार्क बनाने, 15 करोड़ की लागत से मिट्टी कलाकारों को इलेक्ट्रिक चाक उपलब्ध करवाने, सभी संभाग मुख्यालयों को सिग्नल फ्री करने, चित्तौड़गढ़ में कुंभा पार्क डेवलप करने के लिए 31 करोड़ की घोषणा हुई है। सांसद सीपी जोशी ने कहा युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रत्येक जिले में इंडस्ट्री पार्टनर को जोड़कर सेंटर खोले जाने, एआई स्टार्टअप प्रोग्राम शुरू करने, प्रदेश के कॉलेजों में नए संकाय खोलने, सीएम स्वरोजगार योजना के तहत 10 लाख तक ब्याज फ्री कर्ज/अनुदान दिए जाने, जलवायु नीति और ऊर्जा क्षेत्र के लिए 2 लाख करोड़ के निवेश का रोडमैप तैयार करने, लखपति दीदी योजना में कर्ज की सीमा को 1 लाख से बढ़ाकर 1.50 लाख करने, ग्रामीण क्षेत्र की शिक्षित महिलाओं को उनके घर के पास ही रोजगार देने के लिए जिला स्तर पर रूरल वूमेन बीपीओ स्थापित करने, प्रदेश की 7,500 आंगनबाड़ियों को आधुनिक नंद घर के रूप में विकसित करने के लिए 225 करोड़ रूपये का प्रावधान।

## 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' की भावना से प्रेरित राजस्थान बजट :अरुण चतुर्वेदी

**350 बिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था का लक्ष्य**



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।**राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी ने कहा कि विधानसभा में प्रस्तुत राजस्थान बजट 2026-27 मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में 'सर्वजन हिताय, सर्वजन सुखाय' की भावना से प्रेरित एक समावेशी और दूरदर्शी बजट है। यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत और 'सिटीजन फर्स्ट' के संकल्प के अनुरूप प्रदेश को विकसित राजस्थान 2047 की दिशा में तेजी से अग्रसर करेगा। चतुर्वेदी ने कहा कि बजट समाज के सभी वर्गों गरीब, युवा, अन्नदाता किसान, नारी, मजदूर एवं अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति को केंद्र में रखकर तैयार किया गया है। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबके प्रयास' की मूल भावना इस बजट में स्पष्ट रूप से परिलक्षित होती है। उन्होंने कहा कि आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण, उद्योगों के विस्तार, कृषि एवं पशुपालन के सशक्तीकरण और निवेश प्रोत्साहन से प्रदेश में व्यापक रोजगार सृजन होगा। वर्ष 2028-29 तक राज्य की अर्थव्यवस्था को 350 बिलियन डॉलर तक पहुंचाने का लक्ष्य सरकार की मजबूत आर्थिक दृष्टि को दर्शाता है। वित्त आयोग अध्यक्ष ने कहा कि कृषि प्रधान राजस्थान में किसानों और ग्रामीण विकास को विशेष प्राथमिकता दी गई है,।

## युवा, किसान, महिलाओं और ग्रामीणों के लिए ऐतिहासिक बजट:: डॉ. किरोड़ी लाल



**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** कृषि एवं उद्यानिकी मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल ने कहा कि राज्य का बजट 2026-27 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास' के मंत्र को साकार करते हुए 'विकसित राजस्थान 2047' के विजन को मूर्त रूप देने वाला है। यह बजट प्रदेश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने, आत्मनिर्भर बनाने और अन्नदाता की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने कहा कि यह बजट आमजन, कृषक, पशुपालकों, युवाओं, महिलाओं और ग्रामीण वर्ग के लिए लाभकारी सिद्ध होगा। कृषि मंत्री ने बताया कि किसानों की आय बढ़ाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के उद्देश्य से कृषि बजट में इस वर्ष 7.59 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। कृषि विकास, कृषक कल्याण और अन्नदाता की आय में वृद्धि के लिए आधुनिक तकनीकों का उपयोग, क्षमता विकास, कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग और मार्केटिंग सुधार की दिशा में प्रभावी कदम उठाए गए हैं। सूक्ष्म सिंचाई के विस्तार हेतु वर्ष 2030 तक क्षेत्र को 24 प्रतिशत से बढ़ाकर 51 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। आगामी वर्ष लगभग 3 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सूक्ष्म सिंचाई संयंत्र स्थापित किए जाएंगे, जिस पर 1 हजार 340 करोड़ रुपये खर्च होंगे जिससे 3 लाख किसान लाभान्वित होंगे।

साथ ही 50 हजार सोलर पंप संयंत्रों की स्थापना पर 1,500 करोड़ रुपये व्यय किए जाएंगे। उन्नत तकनीक को बढ़ावा देते हुए 200 करोड़ रुपये के अनुदान से 4 हजार किसानों के खेतों पर ग्रीन हाउस, पाली हाउस, शेड नेट, लो टनल और प्लास्टिक मल्च स्थापित किए जाएंगे। उद्यानिकी विकास के तहत औषधीय पौधों, मसाला फसलों, फूलों और सब्जियों की खेती को प्रोत्साहन दिया जाएगा। कृषि यंत्रीकरण के अंतर्गत 160 करोड़ रुपये के अनुदान से 50 हजार किसानों को पावर टिलर, डिस्क प्लाऊ, कल्टीवेटर, हैरो और रीपर जैसे एंटी उपलब्ध कराए जाएंगे। 96 करोड़ रुपये की लागत से 500 कस्टम हायरिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे। वर्षा जल संग्रहण को बढ़ावा देते हुए 8 हजार डिग्गियां, 15 हजार किलोमीटर सिंचाई पाइपलाइन और आगामी दो वर्षों में 36 हजार फार्म पॉन्ड निर्माण के लिए 585 करोड़ रुपये से अधिक का अनुदान दिया जाएगा, जिससे 80 हजार से अधिक किसान लाभान्वित होंगे।

## जिला कलक्टर ने वेदाणा ग्राम में सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता का किया निरीक्षण

**जालोर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के गावंडे ने बुधवार को आहोर क्षेत्र के वेदाणा ग्राम में सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा निर्माणाधीन सड़क का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्य की गुणवत्ता देखी। जिला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने वेदाणा ग्राम में निर्माणाधीन सड़क के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सड़कों की गुणवत्ता बनाए रखने हेतु पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। जिला कलक्टर ने उम्मेदपुर ग्राम में पेयजल समस्या को लेकर प्राप्त हो रहे परिवादों के संबंध में आमजन से फीडबैक लेते हुए समस्या निस्तारण के निर्देश दिए। इस दौरान पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता संजय शर्मा, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता शंकरलाल सुथार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## सुरक्षित इंटरनेट सप्ताह पर अवेयरनेस वर्कशॉप का हुआ आयोजन

**जालोर (हुक्मनामा समाचार)।** जालोर शहर की धवला रोड़ स्थित केंद्रीय विद्यालय परिसर में बुधवार को देश में मनाए जा रहे सुरक्षित इंटरनेट सप्ताह के क्रम में अवेयरनेस वर्कशॉप का आयोजन किया गया। जिला सूचना एवं विज्ञान अधिकारी लादेश शर्मा ने बताया कि इस वर्कशॉप में उपस्थित विद्यालय कार्मिकों एवं छात्र-छात्राओं को डिजिटल दुनिया के विभिन्न आयामों के बारे में विस्तार से बताया गया। वर्कशॉप के दौरान छात्र-छात्राओं को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की असीम संभावनाओं, डिजिटल बैंकिंग सुरक्षा, इंटरनेट के सुरक्षित इस्तेमाल इत्यादि के बारें में व्याख्यान दिया गया। इस अवसर पर प्राचार्य गोपाल मीना, कम्प्यूटर विषय के पीजीटी राजेश द्विवेदी, एनआईसी के विष्णु सिंह, सिद्धार्थ सकारिया, जयेश कुमार सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह

## युवा मन बनाकर समाज और राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करें स्काउट व गाइड संगठन युवाओं की सेवा संकल्प से जुड़ी संस्कृतिःराज्यपाल




**जयपुर, (हुक्मनामा समाचार)।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा कि युवा स्वयं के विकास के साथ राष्ट्र को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें। उन्होंने स्काउट गाइड संगठन के युवाओं को दृढ़ संकल्प शक्ति और मन बनाकर समाज के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं को अधिकारों की बजाय राष्ट्र और समाज तथा शिक्षा के प्रति कर्तव्य की भावना को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। श्री बागडे राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड के राज्य स्तरीय पुरस्कार समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि स्काउट व गाइड संगठन युवाओं की सेवा संकल्प से जुड़ी संस्कृति से जुड़ा संगठन है। उन्होंने राजस्थान को योद्धाओं की भूमि बताते हुए कहा कि यहां का व्यक्ति शौर्य, वीरता और साहस से जुड़ा है। यहां निरंतर लड़ाइयाँ हुई पर मातृभूमि के लिए अपना सर्वस्व अर्पण की भावना रही है। उन्होंने सेना में यहां के सर्वाधिक युवाओं के होने की चर्चा करते हुए स्काउट गाइड से जुड़े युवाओं को अपनी परंपरा और संस्कृति से जुड़े रहने का आह्वान किया। उन्होंने आपात काल में स्काउट गाइड की रही भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताया।राज्यमंत्री ओटाराम देवासी ने कहा कि वह स्वयं स्काउट संगठन में रहे हैं। यह अनुशासन से जुड़ा युवाओं को प्रेरणा देने वाला संगठन है। समारोह में विधायक दर्शन सिंह और श्री वीरेंद्र सिंह, श्री अखिल शुक्ला ने भी विचार रखें। स्काउट गाइड के मुख्य आयुक्त निरंजन आर्य ने राजस्थान में संगठन की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इससे पहले राज्यपाल ने श्रेष्ठ स्काउट गाइड को राज्य स्तरीय पुरस्कार से सम्मानित किया। स्काउट गाइड ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां के साथ साहसिक कैंप आदि से जुड़ी गतिविधियों का प्रदर्शन किया।

### बोर्ड परीक्षाएं आज से प्रारम्भ

## मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की विद्यार्थियों को शुभकामनाएं नावमुक्त होकर आत्मविश्वास एवं एकाग्रता के साथ दें परीक्षा, मिलेगी सफलता

**जयपुर (हुक्मनामा समाचार)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षाओं सहित सीबीएसई, आईसीएसई तथा माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले सभी विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। शर्मा ने कहा कि परीक्षा जीवन की एक महत्वपूर्ण सीढ़ी है, इसलिए विद्यार्थी तनावमुक्त होकर पूरे परिश्रम, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं एकाग्रता के साथ परीक्षा दें। सकारात्मक सोच के साथ तैयारी करने से अवश्य ही सफलता मिलती है। उन्होंने अभिभावकों से आग्रह किया कि वे बच्चों को प्रोत्साहित करें और घर में सकारात्मक माहौल बनाए रखें, ताकि विद्यार्थी बेहतर प्रदर्शन कर सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विद्यार्थियों के लिए शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़, पारदर्शी एवं सुरक्षित बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## जिला सैनिक कल्याण विभाग व गौरव नो सैनिक कल्याण संस्था ने पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी

**पीपाड़ शहर (हुक्मनामा समाचार)।** समीपवर्ती सोवनिया गांव के सेवानिवृत्त नौ सैनिक मास्टर चीफ पेटी ऑफिसर भागीरथ रिणवा का निधन हो गया। जिला सैनिक कल्याण विभाग व गौरव नो सैनिक कल्याण संस्था द्वारा पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई। नौसेना अधिकारी मास्टर चीफ पेटी ऑफिसर भागीरथ रिणवा पुत्र श्रीकिशन का जन्म 1948 में जोधपुर जिले के पीपाड़ उपखंड के सोवनिया गांव में हुआ था। वह मात्र करीब 16 वर्ष की उम्र में 1963 में भारतीय नौसेना में भर्ती हुए थे। वह एक सिपाही से मास्टर चीफ पेटी ऑफिसर बनकर 1987 में सेवानिवृत हुए। उनके पीछे तीन लड़के दो भाई तथा आधा दर्जन भर पोते पोतियां का पूरा भरा हुआ परिवार छोड़कर चल बसे। उनके निधन की सूचना पर जिला सैनिक कल्याण विभाग के सहायक प्रशासनिक अधिकारी अरशद अयूब पठान व जगदीश चारण ने इनके पार्थिव देह पर पुष्प चक्र अर्पित किए वहीं उनके द्वारा स्थापित गौरव नो सैनिक कल्याण संस्था (रजि.) के खारिया खंगार के उदयसिंह राठौड़ सेवानिवृत लेफ्टिनेंट, छगाराम सुथार नैहरवा मास्टर चीफ पेटी ऑफिसर, रामदीन खोड़ भुंडाणा चीफ पेटी ऑफिसर, शम्भुदान चारण लाल सागर जोधपुर पेटी ऑफिसर व नरपत लाल रिणवा पेटी ऑफिसर ने भागीरथ रिणवा के निधन पर उनकी देह पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान गांव के परमेश्वर दाधीच, पूर्व उपसरपंच हनुमान प्रसाद, जोधपुर दाधीच समाज के संरक्षक सत्यनारायण रिणवा, भंवरलाल, राजेंद्र, महेंद्र, सोहनलाल रिणवा, शंकरसिंह नरूका, मानसिंह नरुका, दौलतसिंह नरूका, फौजी बाबूलाल सुथार, भंवरसिंह, छोटूलाल खाखड़की, नवीन शर्मा मादलिया, किशोर राम व ओमप्रकाश धनापा तथा पदमसिंह नरुका सहित सैकड़ों लोगों ने अंतिम संस्कार में भाग लेते हुए पूर्व नेवी ऑफिसर को श्रद्धांजलि अर्पित की है।

## महाशिवरात्रि पर ब्रह्माकुमारी द्वारा विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम आज

**सायला (हुक्मनामा समाचार)।** उपखण्ड मुख्यालय स्थित ब्रह्माकुमारी संस्था सायला की ओर से 12 फरवरी 2026, गुरुवार को महाशिवरात्रि पर्व के उपलक्ष्य में विशेष आध्यात्मिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं तथा क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने का आमंत्रण दिया गया है।आयोजन ब्रह्माकुमारी आत्मदर्शन भवन, ओटवाला रोड, मारूती नगर सायला में होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 11 बजे से दोपहर 12 बजे तक भजन एवं आध्यात्मिक प्रवचन के साथ किया जाएगा। इसके पश्चात दोपहर 12 बजे से 1 बजे तक 'महाशिवरात्रि का आध्यात्मिक रहस्य' विषय पर विशेष व्याख्यान आयोजित होगा। इसी दौरान शिवध्वजारोहण किया जाएगा तथा श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया जाएगा। संस्था की ओर से बताया गया कि महाशिवरात्रि आत्मचिंतन, आध्यात्मिक जागरण और परमात्मा शिव की याद में समर्पित पर्व है। कार्यक्रम के माध्यम से श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ज्ञान एवं सकारात्मक जीवन मूल्यों का संदेश दिया जाएगा।

## महाशिवरात्रि पर्व पर कानून व्यवस्था के लिए कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त

**जालोर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला मजिस्टेब्ट डॉ. प्रदीप के. गावंडे ने आदेश जारी कर फरवरी माह में 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व/त्योहार पर कानून व्यवस्था एवं लोक शान्ति बनाये रखने के लिए उपखण्ड मजिस्ट्रेटों को कार्यपालक एवं तहसीलदारों को सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया है।

आदेशानुसार जिले के जालोर, सायला, आहोर, भीनमाल, जसवंतपुरा, सांचोर, रानीवाड़ा, चितलवाना व बागोड़ा उपखण्ड के लिए संबंधित उपखंड मजिस्ट्रेट कार्यपालक मजिस्ट्रेट तथा जालोर, सायला, आहोर, भाद्राजून, भीनमाल, जसवंतपुरा, सांचौर, रानीवाड़ा, चितलवाना व बागोड़ा तहसील के लिए संबंधित तहसीलदार सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट होंगे। इसी प्रकार जालोर, आहोर व सायला उपखण्ड क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट जालोर तथा भीनमाल, जसवंतपुरा, रानीवाड़ा, सांचोर,, बागोड़ा व चितलवाना उपखण्ड क्षेत्र के लिए अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट भीनमाल/सांचोर मजिस्ट्रेट को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने निर्देशित किया कि कार्यपालक एवं सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट अपने सम्पूर्ण कार्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखेंगे एवं कोई भी कार्यपालक व सहायक कार्यपालक मजिस्ट्रेट उक्त पर्वों पर अपना कार्यक्षेत्र नहीं छोड़ेंगे तथा अवकाश पर नहीं जायेंगे। वे अपने-अपने क्षेत्र में कानून व्यवस्था आदि के बारे में पुलिस अधिकारियों से विचार-विमर्श कर कानून व्यवस्था एवं लोक-शांति संबंधी सुरक्षात्मक उपाय सुनिश्चित करेंगे।

## लोहावट विधानसभा को बजट से निराशा देचू उपखंड का नाम तक गायब

**देचू (हुक्मनामा समाचार)।** लोहावट विधानसभा क्षेत्र इस बार राज्य बजट से खासा निराश नजर आया। बुधवार को घोषित बजट में क्षेत्र के विकास को लेकर किसी बड़ी योजना या घोषणा का अभाव साफ दिखाई दिया। विशेष तौर पर देचू उपखंड, सेतरावा, पीलवा तथा देचू पंचायत समिति क्षेत्र का तो कहीं उल्लेख तक नहीं मिला, जिससे स्थानीय लोगों में मायूसी और आक्रोश दोनों देखने को मिल रहे हैं। क्षेत्रवासियों की लंबे समय से चली आ रही प्रमुख मांगें—ऊंटवालिया से देचू डबल सड़क निर्माण, लालपुरा मुख्यालय से रावतगढ़ सड़क, सेतरावा में कॉलेज व आईटीआई, देचू में ट्रोमा सेंटर व सिविल न्यायाधीश न्यायालयरा, चाहड़देव जी पैनोरमा,पशु उपकेंद्रों का क्रमोन्नयन इनमें से किसी पर भी बजट में ठोस घोषणा नहीं की गई।स्थानीय नागरिकों का कहना है कि पिछड़ा क्षेत्र होने के बावजूद विकास योजनाओं की अनदेखी समझ से परे है। यहां तक कि यह क्षेत्र कैबिनेट मंत्री का विधानसभा क्षेत्र होने के बावजूद अपेक्षित प्राथमिकता नहीं पा सका। ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों ने उम्मीद जताई है कि सरकार आगामी संशोधित बजट या विशेष पैकेज में क्षेत्र की आवश्यकताओं पर गंभीरता से विचार करेगी। निष्पक्ष नजरिए से देखें तो बजट में विकास का संतुलन जरूरी है, ताकि दूरस्थ व ग्रामीण इलाकों को भी बराबरी का अवसर मिल सके।

## एक नजर

### रोजगार के लिए महिला सहायता समूह बनाकर दिया था ऋण। कर्ज़ में फसी समुह की महिलाएं

**गडरा रोड़ (हुक्मनामा समाचार)।** राजस्थान सरकार द्वारा महिलाओं को सहायता समूह बनाकर हर महिला अपने रोजगार पर खड़ी हो रोजगार के लिए महिला सहायता समूह के मार्फत लाखों रुपए की सब्सिडी देकर प्रत्येक गांव में तथा पड़ोस तथा कस्बे में मोहल्ले में सहायता समूह के मार्फत छोटे-छोटे लघु उद्योग तथा हस्त सिल्प कसीदाकारी कार्यों के लिए सैकड़ो समूह बनाकर दी सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक बाड़मेर की शाखा गडरा रोड से सीमावर्ती क्षेत्र में रन वितरण किया था 18 साल तक बैंक मांग पत्र भी नहीं मांग सारी 18 साल बाद 18% चक्रवर्ती ब्याज जोड़कर ऐसे कई समूह पर अमानत राशि खातों में होते हुए भी तथा रन राशि भी समूह खातों में होने के बावजूद भी लाखों रुपए की वसूली के मांग पत्र थमा दिए जिससे क्षेत्र की महिला सहायता समूह के मार्फत गरीबी रेखा जीवन यापन करने वाली महिलाओं की सहायता समूह के द्वारा उठाए गए रोजगार के लिए रन राशि के कई गुना ज्यादा राशि के मांग पत्र सौंप दिए गए हैं जिससे सहायता समूह की महिलाओं में हड़कंप मच गया है इतनी बड़ी राशि चुकाने में भी असमर्थ है वही राजस्थान सरकार द्वारा गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाली महिलाओं को रोजगार के लिए लाखों रुपए की सब्सिडी देने के बावजूद अमानत तथा ऋण खातों में महिलाओं की छोटी-छोटी बचत तथा रन राशि की डिपॉजिट होने के बावजूद भी बैंक प्रशासन द्वारा उनके रंग खातों में ट्रांसफर पेमेंट ना कर 18% चक्रवर्ती ब्याज से 18 साल बाद लाखों रुपए के मांग पत्र सौंप किए गए हैं जिससे सहायता समूह की जुड़ी हुई महिलाए परेशानी की कगार पर आ गई है राजस्थान सरकार द्वारा बीपीएल महिला सहायता समूह के मार्फत छोटे-छोटे उद्योग खोलना चाहती थी परंतु इस सीमावर्ती क्षेत्र में करोड़ों रुपए की सब्सिडी वितरण होने के बावजूद भी किसी प्रकार के उद्योग खोल ना पाई तथा सहायता समूह की मारपीट रन राशि उठाने के बाद में यह महिलाएं रोजगार तो बहुत बड़ी दूर की बात है कर्ज से दब चुकी है नियम अनुसार थे सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक शाखा के कर्मचारी एवं अधिकारियों का फर्ज बनता है कि सहायता समूह को रन वितरण के बाद में समय-समय पर मांग पत्र भेज कर धनराशि मांग करनी थी परंतु कर्मचारियों की तथा धिकारियों की उदासीनता के कारण 18 वर्ष बाद सहायता समूह की लिस्ट बनाकर 18% चक्रवर्ती ब्याज से वसूली के लिए संघन आभियान चालू कर दिया गया है।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धा से याद किया



**पीपाड़ शहर (हुक्मनामा समाचार)।** भारतीय जनसंघ के सह संस्थापक सदस्य एकात्मक मानववाद के प्रणेता, अंत्योदय उत्थान को प्राथमिकता देने वाले,लघु उद्योगों से ग्रामीण उत्थान को प्राथमिकता देने वाले,राष्ट्रवाद को सर्वोपरि मानने वाले राजनीतिज्ञ, कुशल संगठन कर्ता,दूरदर्शी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल पीपाड़ शहर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित की जिला महामंत्री सुमित्रा बिश्नोई ने पंडित जी के जीवन को विस्तृत रूप से सभी कार्यकर्ताओं के सामने पेश किया मंडल अध्यक्ष आदित्य कच्छावाह ने अपने जीवन को पंडित जी के जीवन से जोड़कर जीवन यापन का संदेश दिया इस दौरान मंडल महामंत्री देवाराम जांगिड़, मनोहर लाल सोनेल,रवि नैण,डॉक्टर आर.डी. सागर,मंडल मंत्री विक्रम देवड़ा,कपिल खण्डेलवाल,युवा मोर्चा अध्यक्ष सीपी मारोठिया एससी मोर्चा अध्यक्ष अरविंद सोनेल,सीए चेनाराम गहलोत दिलखुश जिनगर,बूथ अध्यक्ष पिंटूराज कच्छावाह,भवानी सिंह कच्छावाह,मुरलीधर जीनगर, रामस्वरूप मारोठिया,जगदीश सुथार सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जनगणना 2027 का कार्य सटीकता व समयबद्धता से पूर्ण किया जाए : जिला कलक्टर

**बाड़मेर (हुक्मनामा समाचार)।** जिला कलक्टर टीना डाबी ने कहा कि जनगणना 2027 जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय दायित्व को पूर्ण गंभीरता, सटीकता एवं निर्धारित समय-सीमा में संपादित किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह निर्देश जिले के चार्ज अधिकारियों के लिए आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के दूसरे दिन दिए।जिला कलक्टर टीना डाबी ने प्रशिक्षण के दूसरे दिन स्वयं उपस्थित रहकर चार्ज अधिकारियों के साथ बैठकर जनगणना अधिकारियों द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण का गहन अवलोकन किया। उन्होंने पूरे दिन प्रशिक्षण सत्र में रहकर यूजर मैनेजमेंट, एसएलबीसी मॉड्यूल एवं सीएमएमएस पोर्टल से संबंधित प्रक्रियाओं की बारीक जानकारी प्राप्त की तथा स्व-जनगणना (सेल्फ एन्यूमरेशन) के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की।प्रशिक्षण के दौरान जिला कलक्टर ने अभ्यास सत्र में उपस्थित उपखंड अधिकारियों, तहसीलदारों, नगर परिषद आयुक्तों एवं नायब तहसीलदारों द्वारा पूछे गए जनगणना कार्य से जुड़े प्रश्नों के उत्तर देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। उन्होंने बताया कि बाड़मेर जिले में स्व-जनगणना कार्य दिनांक 16 मई 2026 से 14 जून 2026 तक किया जाना प्रस्तावित है, जिसके लिए सभी तैयारियां समय रहते पूर्ण की जाएं।जिला कलक्टर ने संबंधित चार्ज अधिकारियों को निर्देश दिए कि जनगणना कार्य में प्रयुक्त यूज़र मैनेजमेंट मॉड्यूल, एसएलबीसी मॉड्यूल एवं सीएमएमएस पोर्टल का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि सही, विश्वसनीय एवं त्रुटिरहित आंकड़े उपलब्ध कराए जा सकें। साथ ही उन्होंने जनगणना कार्य हेतु प्रगणकों एवं सुपरवाइजरों के चयन में विशेष सावधानी बरतने के निर्देश दिए, जिससे कार्य के दौरान किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो और जनगणना कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया जा सके।

## विद्यालय में भव्य संपन्न हुआ वार्षिक समारोह 'समागम

**भोपालगढ़ (हुक्मनामा समाचार)।** उपखंड क्षेत्र के श्री आदर्श पब्लिक स्कूल, देवताड़ा में विद्यालय का वार्षिक समारोह 'समागम-2' अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान पुलिस के उप अधीक्षक भूरा राम रहे। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में बीसीएमओ कृष्णा डूडी, एसीबीओ ओमप्रकाश तथा ग्राम पंचायत के सरपंच लाल सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विद्यालय



प्रबंधन द्वारा की गई। समारोह का शुभारंभ माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों—नृत्य, गीत, नाट्य एवं देशभक्ति प्रस्तुतियों—ने समस्त दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यार्थियों की प्रतिभा और आत्मविश्वास ने उपस्थित जनसमूह की खूब तालियां बटोरीं। मुख्य अतिथि ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को अनुशासन, मेहनत और सकारात्मक सोच के साथ लक्ष्य प्राप्त करने की प्रेरणा दी। बीसीएमओ कृष्णा डूडी ने शिक्षा और स्वास्थ्य के समन्वय पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर बल दिया। एसीबीओ ओमप्रकाश ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की आवश्यकता पर जोर दिया, जबकि सरपंच लाल सिंह ने विद्यालय द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों की सराहना की। विद्यालय के संस्थापक कैलाश नाथ ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत करते हुए वर्षभर की शैक्षणिक, खेलकूद एवं सह-शैक्षणिक उपलब्धियों की जानकारी दी तथा सभी अतिथियों, अभिभावकों और ग्रामवासियों का आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम के अंत में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। वार्षिक समारोह 'समागम-2' विद्यालय परिवार एवं क्षेत्रवासियों के लिए एक प्रेरणादायक और स्मरणीय आयोजन सिद्ध हुआ।




# पूर्व सीएम गहलोत के गृह जिले जोधपुर पर भजनलाल सरकार मेहरबान

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** राजस्थान का बजट पेश होते ही जोधपुर के लिए विकास की झड़ी लग गई है। सड़क, पेयजल, उद्योग, स्वास्थ्य, सैनिक कल्याण, पर्यटन और शहरी आधारभूत ढांचे से जुड़े दर्जनों बड़े प्रोजेक्ट की घोषणा कर शहर और जिले को बहुआयामी विकास पैकेज दिया गया है। आपको बता दें कि जोधपुर पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का गृह जिला है।

## बजट में सड़क, पेयजल, उद्योग, स्वास्थ्य, सैनिक कल्याण, पर्यटन और शहरी आधारभूत ढांचे से जुड़े दर्जनों बड़े प्रोजेक्ट की घोषणाएं



### पर्यावरण और उद्योग

* नगर निगम जोधपुर में पीपीपी मोड पर कंप्रेस्ड बायो गैस प्लांट स्थापित होगा।
* पाली, जोधपुर, बालोतरा व भीलवाड़ा औद्योगिक क्षेत्रों में 50 करोड़ रुपए की लागत से प्रदूषण निगरानी सिस्टम विकसित होंगे।
* जोधपुर में एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग के लिए अर्ली वार्निंग सिस्टम लगाए जाएंगे।
* सीईटीपी निर्माण हाइब्रिड एनुअल मोड पर, बालोतरा सहित अन्य स्थानों पर कुल 1 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान।
* जोजरी नदी पुनर्जीवन के लिए एसटीपी-सीईटीपी ट्रीटेड जल आधारित योजना-50 करोड़ रुपए।
* डीएमआईसी के तहत जोधपुर-पाली-मारवाड़ औद्योगिक क्षेत्र के लिए 3600 हेक्टेयर भूमि विकसित होगी, पहले चरण में 600 करोड़ रुपए खर्च।

### सड़क और कनेक्टिविटी

* बामणिया सुथारों की ढाणी से लोहावट (फलोदी)-2 करोड़ 15 लाख रुपए।
* बोरूंदा-भोपालगढ़ से खुवासपुरा-पूंडलू वाया गोडावत - 8 करोड़ 30 लाख रुपए।
* बड़ला बासनी से पीड़ीयारों की ढाणियां (ओसियां)-1 करोड़ 10 लाख रुपए।
* बिलाड़ा में विभिन्न सड़क निर्माण-4 करोड़ रुपए।
* जाम्बा से सुरपुरा सड़क (फलोदी)-12 करोड़ रुपए।
* एलसी-237 (लूणी-समदड़ी) पर आरओबी -46 करोड़ 40 लाख रुपए।
* भाटी चौराहा, जलजोग चौराहा सहित अन्य स्थानों पर अंडरपास -50 करोड़ रुपए।
* लूणी पंचायत समिति से राजाराम शिक्षण संस्थान तक फुट ओवरब्रिज -5 करोड़ रुपए।

पेयजल

* बीकानेर, जोधपुर सहित पांच शहरों में जलापूर्ति सुधार हेतु 750 करोड़ रुपए का प्रावधान।
* तख्त सागर से कुड़ी होद पाइपलाइन बदलने व सुदृढ़ीकरण -65 करोड़ रुपए।

### शहरी विकास और आवास

* चौपासनी स्कीम में 288 फ्लैट (उद्यान अपार्टमेंट)- 210 करोड़ रुपए।
* जोधपुर में स्मार्ट पार्किंग पीपीपी मोड पर विकसित होगी।
* मेहरानगढ़ फोर्ट के राव जोधा मार्ग का विकास, सौंदर्यीकरण व लाइटिंग-10 करोड़ रुपए।

* शिक्षा, विज्ञान और कौशल
* जोधपुर में स्पेस गैलरी का निर्माण।
* मेजर शैतान सिंह कौशल विकास एवं प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना।
* सैनिक और प्रशासनिक सुविधाएं
* जोधपुर में इंटीग्रेटेड सैनिक कॉम्प्लेक्स (प्रथम चरण)-36 करोड़ रुपए।
* नवीन केंद्रीय कारागृह भवन (एनबीसीसी पैटर्न)-राज्य स्तर पर 1200 करोड़ रुपए योजना में जोधपुर शामिल।
* नई पुलिस चौकी तिंवरी (ओसियां)।
* सिविल न्यायाधीश एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय- शेरगढ़।

### स्वास्थ्य

* मथुरादास माथुर चिकित्सालय में 12 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर।
* मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अत्याधुनिक विश्राम गृह (राज्य योजना 500 करोड़ रुपए में जोधपुर शामिल)।

### पर्यटन और संस्कृति

* मां ऊष्ट्रवाहिनी माता मंदिर विकास।
* 'थार सांस्कृतिक सर्किट' में जोधपुर को शामिल किया गया।

# विकसित भारत के संकल्प में प्रदेश की सशक्त साझेदारी बढ़ाएगा बजट : शेखावत

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत ने राजस्थान सरकार के बजट को विकसित भारत के संकल्प में प्रदेश की सशक्त साझेदारी को आगे बढ़ाने वाला दूरदर्शी रोडमैप बताया।



अपनी प्रतिक्रिया में शेखावत ने कहा कि आत्मनिर्भरता, मजबूत आधारभूत संरचना, किसान कल्याण, युवा सशक्तिकरण और उद्योग विस्तार पर विशेष फोकस के साथ यह बजट आमजन के जीवन स्तर में निरंतर सुधार का मार्ग प्रशस्त करता है। साथ ही कला-संस्कृति, पर्यटन, महिला एवं बाल विकास, शिक्षा और जल उपलब्धता पर अतिरेक ध्यान समग्र विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तीव्र गति से विकास पथ पर अग्रसर है। उनके ही विजन को आगे बढ़ाते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का राजस्थान को विकास के नए सोपानों तक ले जाने का संकल्प इस बजट में परिलक्षित हो रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वित्त मंत्री दिया कुमारी ने इस माध्यम से पुन: रेखांकित किया है कि राजस्थान विकसित भारत के निर्माण में अग्रणी भूमिका निभाने को पूर्णत: तैयार है।

# रिश्वत लेते पटवारी रंगे हाथ गिरफ्तार

## जमीन के खाते में महिला के नाम संशोधन को लेकर मांगी घूस

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की जोधपुर ग्रामीण टीम ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की मुहिम में एक पटवारी को रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी ने जोधपुर जिले के पटवार हल्का खारिया मीठापुर, तहसील बिलाड़ा के पटवारी रोहित कुमार को 4,000 रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा है।



शिकायतकर्ता ने एसीबी जोधपुर ग्रामीण इकाई को बताया था कि आरोपी पटवारी रोहित कुमार अपनी दादी के नाम से जमीन के खाते में करेक्शन करने के बदले 5,000 रुपए की रिश्वत मांग रहा है। जांच के दौरान यह वेरिफाई हुआ कि आरोपी ने पहले 5,000 रुपए की डिमांड की, लेकिन शिकायतकर्ता की गुहार पर 4,000 रुपए पर सहमत हो गया। डीआईजी एसीबी भुवन भूषण यादव और एएसपी एसीबी जोधपुर ग्रामीण पारस सोनी के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई करते हुए रोहित कुमार को रिश्वत लेते मौके पर ही दबोच लिया। एसीबी महानिरीक्षक राजेश सिंह के सुपरविजन में आरोपी से पूछताछ व कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच की जाएगी।

# जोधपुर की कायलाना झील में मिला युवक का शव

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** कायलाना झील में बुधवार शाम को युवक का शव मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों की मदद से बॉडी को पानी से बाहर निकलवाया। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।



**तीन दिन पहले थाने में दर्ज हुई थी गुमशुदगी, किराए पर रूम लेकर रह रहा था**

पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान देवानंद(26) पुत्र प्रीतम दास सिंधी निवासी चौपासनी हाउसिंग बोर्ड के रूप में हुई। देवानंद बोरानाडा इलाके में किराए से रूम लेकर रहता था। तीन दिन पहले 8 जानवरी को उसका बोरानाडा थाने में गुमशुदगी का मामला दर्ज हुआ था। राजीव गांधी नगर थाना क्षेत्र के तहत आने वाली कायलाना चौकी के हेड कॉन्स्टेबल डूंगर सिंह ने बताया कि चौकी इंचार्ज एएसआई रावल राम, कॉन्स्टेबल दिनेश और उनकी टीम को आज शाम के समय कायलाना झील में एक बॉडी नजर आने की सूचना मिली। जिसके बाद पुलिस ने गोताखोरों को मौके पर बुलाया और शव को पानी से बाहर निकलवाया। उन्होंने बताया कि वह प्राइवेट नौकरी करता था। मृतक अभी बोरानाडा क्षेत्र में किराए पर रहता था। यहां बोरानाडा थाने में उसकी गुमशुदगी भी दर्ज की गई थी। कायलाना चौकी पुलिस ने बोरानाडा थाना पुलिस को भी सूचना दी। फिलहाल बॉडी को महात्मा गांधी हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाया गया है।

# जोधपुर में बाइक चोर गिरोह बेखौफ

## शहर में दो अलग-अलग जगहों से उड़ाई मोटरसाइकिल

**हुक्मनामा समाचार**

जोधपुर। शहर में बाइक चोर गिरोह बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। भीड़भाड़ वाले बाजार हों या सुनसान कॉलोनियां- चोर मौका मिलते ही मोटरसाइकिल पर हाथ साफ कर रहे हैं। कमिश्नरेट क्षेत्र में एक ही दिन में बाइक चोरी के दो मामले सामने आने से वाहन मालिकों में दहशत का माहौल है।



पहला मामला भगत की कोठी थाना क्षेत्र का है। सरदारपुरा प्रथम सी रोड निवासी गजेंद्र सिंह ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वे किसी काम से सुशील नगर, भगत की कोठी इलाके में गए थे। वहां उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल खड़ी की थी, लेकिन वापस लौटने पर बाइक गायब मिली। आसपास तलाश करने के बावजूद जब वाहन नहीं मिला तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज

कर जांच सहायक उपनिरीक्षक रामनारायण को सौंपी है। दूसरी वारदात उदयमंदिर थाना क्षेत्र में हुई। गांव कागनाडा, तहसील लूणी निवासी परमेंद्र सिंह, जो नई सड़क स्थित होटल प्रिया में काम करते हैं, ने रिपोर्ट में बताया कि मंगलवार को उन्होंने होटल के पीछे अपनी बाइक खड़ी की थी। काम में व्यस्त होने के बाद जब दोपहर करीब 12:30 बजे बाहर आकर देखा तो बाइक मौके से गायब थी। उन्होंने आसपास पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई गई।

# विकसित राजस्थान के संकल्प को मजबूती देगा बजट : धाणदिया

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** भाजपा संभाग मीडिया प्रभारी जगदीश धाणदिया ने राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के बजट को विकसित राजस्थान के संकल्प को मजबूती देने वाला दूरदर्शी, संतुलित और जनकल्याणकारी बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट आमजन के विश्वास, पारदर्शी प्रशासन और दीर्घकालिक विकास की स्पष्ट दिशा को दर्शाता है।

धाणदिया ने कहा कि 21.52 लाख करोड़ रुपये का यह अब तक का सबसे बड़ा बजट है, जो प्रदेश की आर्थिक क्षमता को मजबूत करने और आधारभूत ढांचे के विस्तार के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। बजट में सड़क, पेयजल, ऊर्जा, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में किए गए प्रावधान राजस्थान के हर वर्ग को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने वाले हैं। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों, पेंशनर्स और किसानों के हित में की गई घोषणाएँ सरकार की जनसंवेदनशीलता का प्रमाण हैं। किसानों के लिए सिंचाई, कृषि अवसंरचना और सहायता योजनाओं से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी, वहीं सामाजिक सुरक्षा से जुड़े निर्णय आमजन को स्थायित्व और भरोसा प्रदान करेंगे।

# पं. उपाध्याय को पुण्यतिथि पर भाजपा ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** जोधपुर शहर जिला भारतीय जनता पार्टी द्वारा जनसंघ के संस्थापक महापुरुष पंडित दीन दयाल उपाध्याय की पुण्य तिथि पर श्रद्धांजलि दी गई। बुधवार को प्रात: 9.30 बजे प्रताप नगर स्थित दीन दयाल पार्क में जिलाध्यक्ष राजेंद्र पालीवाल के नेतृत्व में भाजपा के नेतागण व कार्यकर्तागण उपस्थित हुए एवम् पण्डित दीन दयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष पालीवाल ने कहा कि जनसंघ के संस्थापक एवम् राष्ट्र में धार्मिक चेतना व राष्ट्रनीति के साथ एकात्म मानववाद की अवधारणा के प्रतिपादक थे पण्डित दीन दयाल उपाध्याय। कार्यक्रम में पूर्व जिलाध्यक्ष नरेंद्र कच्छवाह, महामन्त्री प्रतिपाल सिंह वालेचा, ओम प्रकाश दईया, गौरव जैन, जिला उपाध्यक्ष मनीष पुरोहित, पवन आसोपा, रवि गहलोत, पुरूषोतम मुंदड़ा, माधवी सोलंकी, किशन लड्डा, भंवरलाल दैया, धुरेन्द्र मेघवाल, संजु व्यास, अब्दुल नईम सिलावट, कैलाश गौड़, पूजा सुराणा, अजय त्रिवेदी, दीपक व्यास सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# संगठन की ताकत और युवा भविष्य को दिशा देने वाला बजट : बोराणा

**जोधपुर।** नागौर भाजपा संगठन प्रभारी राजेन्द्र बोराणा ने राजस्थान सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के बजट को संगठनात्मक दृष्टि से मजबूत, युवाओं के भविष्य को दिशा देने वाला और प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने वाला बजट बताया। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल योजनाओं की घोषणा नहीं, बल्कि विकास को जन-जन तक पहुँचाने की स्पष्ट रणनीति है। लिए रोजगार, कौशल विकास और भर्ती परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित करने जैसे निर्णय सरकार की नीयत और नीति दोनों को स्पष्ट करते हैं। राजस्थान टेस्टिंग एजेंसी का गठन योग्य युवाओं के साथ न्याय सुनिश्चित करेगा और लंबे समय से चली आ रही अव्यवस्थाओं पर निर्णायक रोक लगाएगा।

# राजस्थान को 2047 तक विकसित राज्यों की श्रेणी में अग्रणी बनाने का रोडमैप : पटेल

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री श्री जोगाराम पटेल ने वर्ष 2026-27 के राज्य बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में सबका साथ-सबका विकास के मंत्र को धरातल पर उतारने वाला है। उन्होंने कहा उप मुख्यमंत्री सुश्री दिया कुमारी द्वारा प्रस्तुत वित्तीय रोडमैप से स्पष्ट है कि राजस्थान अब सुशासन और आर्थिक समृद्धि के नए युग में प्रवेश कर चुका है।

**विरासत से विकास-थार सांस्कृतिक सर्किट :** पटेल ने कहा यह बजट केवल आंकड़ों का लेखा-जोखा नहीं, बल्कि राजस्थान को 2047 तक विकसित राज्यों की श्रेणी में अग्रणी बनाने का रोडमैप है। उन्होंने कहा विरासत से विकास के विजन के अनुरूप जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, बाड़मेर और जालोर को शामिल करते हुए थार सांस्कृतिक सर्किट बनाया जाएगा। उन्होंने कहा जोधपुर में मेजर शैतान सिंह कौशल केंद्र की स्थापना से हमारे युवाओं और पूर्व सैनिकों के परिवारों को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए उच्च स्तरीय प्रशिक्षण मिलेगा।

**लूणी को मिली प्रमुख सौगातें :** * एलसी-237 (लूणी-समदड़ी खण्ड में 680/6-7 किमी) राशि 46.40 करोड़, * तख्त सागर से कुड़ी होद (लूणी) की पाइपलाइन को बदलने एवं अन्य सृदृढीकरण के कार्य (राशि 65 करोड़ रूपये)

* लूणी पंचायत समिति से राजाराम शिक्षण संस्थान तक फूट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य (राशि 5 करोड़ रुपये)

* जोजरी नदी को पुनर्जीवित करने के लिए एसटीपी/सीईटीपी के ट्रीटेड जल से सिंचाई एवं जोधपुर जिले की औद्योगिक आवश्यकताओं के लिए जल उपलब्ध कराने संबंधी प्रथम चरण के कार्य (राशि 50 करोड़ रूपये)

# बजट से सभी वर्गों को निराशा : मनीषा

**जोधपुर (हुक्मनामा समाचार)।** पूर्व विधायक मनीषा पंवार ने बजट प्रतिक्रिया में कहा कि आज प्रस्तुत राजस्थान का बजट पूर्णत या निराशाजनक रहा इस बजट में ऐसा लग रहा था मानो कोई भाषण चल रहा हो भाजपा शासित सरकार ने अभी तक जो बजट पेश किए हैं इन बजट की 20 से 25 परसेंट तक ही वह घोषणाएं पूरी हो पाई है इस तरह पासिंग मार्क्स भी नहीं ला पाए हैं। बजट से सभी वर्गों को भारी निराशा हुई है जोधपुर के लिए कोई विशेष घोषणा नहीं की गई है जबकि जोधपुर राजस्थान का दूसरा सबसे बड़ा जिला है और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का गृह नगर है इसी कारण यह भेदभाव नीति अपनाई जा रही है। ऐसा लग रहा है कि जोधपुर को जानबूझकर पीछे धकेलना का प्रयास किया जा रहा है।



# मनरेगा ई-केवाईसी में लापरवाही बर्दाश्त नहीं : मिश्रा

## ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक

**हुक्मनामा समाचार**

**जोधपुर।** जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी आशीष कुमार मिश्रा ने पंचायत समिति मण्डोर के सभागार में बुधवार को ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा बैठक ली। बैठक के दौरान उन्होंने ग्राम पंचायतों में प्रगतिरत एवं अपूर्ण कार्यों को निर्धारित समय सीमा में पूर्ण कराने तथा उनके उपयोगिता प्रमाण पत्र समय पर भिजवाने के लिए संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

मिश्रा ने पंचायत समिति मण्डोर की ग्राम पंचायत फौजदारा, जालेली दईकड़ा सोडेर की ढाणी एवं नांदड़ा कलां तथा पंचायत समिति लूणी की ग्राम पंचायत फिटकासनी, सतलाना, लूणी, भटिण्डा, पलासनी, झालामण्ड एवं काकेलाव में मनरेगा योजना अंतर्गत ई-केवाईसी की कम प्रगति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए शीघ्र प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विधायक एवं सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत मण्डोर एवं लूणी पंचायत समितियों में अप्रारंभ स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता से पूर्ण कराने एवं उनके उपयोगिता प्रमाण पत्र समय पर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने स्पष्ट किया कि प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण एवं शहरी योजना के कार्यों में महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत मस्टरोल जारी नहीं करने वाली ग्राम पंचायतों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने राज्य वित्त आयोग एवं 15वें वित्त आयोग के अंतर्गत लंबित कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताते हुए तकनीकी अधिकारियों एवं ग्राम विकास अधिकारियों को समयबद्ध निष्पादन के निर्देश दिए।

अन्नपूर्णा रसोई योजना के बिलों को समय पर फीड करने तथा पंचायत समिति एवं ग्राम पंचायतों की किराये की दुकानों से संबंधित सूचना अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए। ग्राम पंचायत सतलाना के ग्राम विकास अधिकारी तथा बैठक में अनुपस्थित रहे अन्य ग्राम विकास अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए। साथ ही पेंशन वेरिफिकेशन की कम प्रगति पर भी विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। बैठक में अधिशासी अभियंता मनरेगा सोहम शर्मा, अधिशासी अभियंता श्रीमती शबीना बानों, चम्पालाल परिहार, विकास अधिकारी पंचायत समिति लूणी कंवरलाल सोनी, सहायक अभियंता नरेगा संजय गुप्ता, श्रीमती अवन्ति गहलोत सहित समस्त सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियंता एवं जेटीए नरेगा उपस्थित रहे।